www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–291 । सागर, मंगलवार, 12 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

श्रीदेवी को समर्पित रहेगा नौवां खजुराहो फिल्म फेस्टिवल पृष्ठ 3

▪ यह तो जातिवाद का विरोध नहीं, हिमायत है!
▪ कॉप 28 जलवायु परिवर्तन पर सैन्यीकरण के प्रभाव का संज्ञान लेने में विफल पृष्ठ 4

▪ अपात्र हितग्राहियों के खाते में डाली एक-एक लाख रूपए की राशि पृष्ठ 6

शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी अपना करियर बनाकर आगे बढ़े : चन्द्रशेखर शुक्ला पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### हिंडन एयरबेस में खोदी सुरंग, स्पॉट सील

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के हिंडन वायु सेना अड्डे की सुरक्षा में बड़ी सेंधमारी हुई है। एयरबेस के बाउंड्रीवॉल के पास 4 फीट गहरी सुरंग खोद दी गई है। लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद इस स्पॉट को सील कर दिया गया है। एयरफोर्स की ओर से टीला मोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी गई है। अन्य जांच एजेंसियां भी इसकी जांच कर रही हैं।

### वाईएसआरसीपी विधायक ने विधानसभा से इस्तीफा दिया

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी को झटका देते हुए मंगलागिरि निर्वाचन क्षेत्र से विधायक ऑल रामकृष्ण रेड्डी ने सोमवार को विधानसभा और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के करीबी माने जाने वाले रामकृष्ण रेड्डी ने अपना इस्तीफा स्पीकर के ओएसडी को सौंप दिया, क्योंकि वह अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा स्पीकर को सौंप दिया है और उनसे इस्तीफा स्वीकार करने का भी अनुरोध किया है। रामकृष्ण रेड्डी ने कहा कि वह जल्द ही अपने इस्तीफे के कारणों का खुलासा करेंगे।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत सोमवार को 21 दिसंबर तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई भी मंगलवार को सूचीबद्ध की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सिंह को विशेषाधिकार हनन मामले में अपनी दलीलें दाखिल करने के लिए संसद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होने की अनुमति भी दे दी। सिंह को 5 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होना था, हालांकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें यहां उनके आवास पर दिनभर की तलाशी के बाद अब समाप्त हो चुके उत्पाद शुल्क नीति मामले की जांच के सिलसिले में 4 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया था।

### देश के सबसे बड़े खेल विज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को देश के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की साझेदारी में स्थापित सबसे बड़े अत्याधुनिक खेल विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। विभिन्न विषयों के एथलीटों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई यह समावेशी सुविधा, क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की जरूरतों को व्यापक रूप से पूरा करते हुए, चोट प्रबंधन, पुनर्वास, पुनर्प्राप्ति और प्रदर्शन में वृद्धि का केंद्र बनने के लिए तैयार है। यह केंद्र देश के विशिष्ट एथलीटों के लिए भी सुलभ होगा। पटनायक ने कहा कि इस खेल विज्ञान केंद्र की स्थापना खेल प्रतिभाओं को पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस केंद्र में यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयोगशालाएं हैं कि एथलीटों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप देखभाल और सहायता मिले, उनकी क्षमता विकसित हो और उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया जा सके।

### हेमंत सोरेन को ईडी का समन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने फिर समन भेजकर 12 दिसम्बर को हाजिर होने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री को ईडी की ओर से भेजा गया यह छठा समन है। इससे पहले सोरेन को पांचवां समन भेजकर 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं गये थे। मुख्यमंत्री को इससे पहले 5 समन भेजे जा चुके हैं लेकिन एक बार भी वह ईडी ऑफिस में उपस्थित नहीं हुए। उल्लेखनीय है कि ईडी सोरेन को जमीन मामले में समन भेज रहा है। सोरेन की ओर से ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोरेन ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर ईडी के समन को निरस्त करने का आग्रह किया था। लेकिन झारखंड हाईकोर्ट से भी सोरेन को झटका लगा था। हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की ओर से दायर क्रिमिनल रिट याचिका को खारिज कर दी थी।

---

**भाजपा ने फिर चौंकाया : नए चेहरे को दी कमान, डॉ. मोहन यादव चुने गए विधायक दल के नेता**


# मोहन होंगे मध्यप्रदेश के मुखिया



**भोपाल, देशबन्धु।** अपने फैसलों से अक्सर चौकाने वाले भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर लोगों को चौंका दिया है। पार्टी ने डॉ. मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया। वे राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में उनका नाम कहीं भी चर्चा में नहीं था। दिग्गजों को दरकिनार कर उन्हें मुख्यमंत्री की कमान सौंपने का भाजपा आलाकमान का निर्णय दावेदारों के साथ–साथ राजनैतिक प्रेक्षकों के लिए भी चौंकाने वाला नाम है। अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले डॉ. यादव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी हैं। राज्य के विधानसभा चुनाव में 230 सीटों में से 163 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी और नेता चुनने के लिए सोमवार को पार्टी कार्यालय में बैठक बुलाई गई जहां सर्वसम्मति से डॉ. यादव को दल का नेता चुन लिया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि विधायक दल की बैठक में डॉ. मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया और समर्थन पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, तुलसीराम सिलावट ने प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके बाद पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने डॉ. यादव के विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। इस अवसर पर 2 अन्य पर्यवेक्षक पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा मौजूद थे।

### शिवराज सिंह चौहान ने किया था नाम का प्रस्ताव

### विधानसभा अध्यक्ष होंगे तोमर



वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष होंगे। वे हाल ही में मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से जीतकर आए हैं। सरल, सहज और दृढ़ स्वभाव के श्री तोमर के पास मोदी सरकार में कृषि मंत्री का दायित्व था। इससे पहले से अन्य मंत्रालयों का जिम्मा भी संभाल चुके हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रहे श्री तोमर प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं के बीच कुशल संगठक के रूप में जाते हैं। उनका नाम मुख्यमंत्री पद के लिए काफी चर्चा में था।

### राज्यपाल ने दिया सरकार बनाने का न्यौता



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेताओं के साथ राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल को पत्र सौंपा और सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे कुछ देर पहले निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। राज्यपाल ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री नियुक्त कर सरकार बनाने का न्यौता दिया है।

### 2 उपमुख्यमंत्री बनेंगे

#### बड़ा दलित चेहरा हैं जगदीश देवड़ा



प्रदेश में थावरचंद गहलोत के बाद एक बड़े दलित चेहरे जगदीश देवड़ा को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। 1990 में पहली बार विधायक बनने के बाद से अपने लगभग 33 वर्ष के लंबे राजनीतिक कार्यकाल में श्री देवड़ा 8वीं बार विधायक बने हैं। वे प्रदेश की 2003 में उमा भारती सरकार से लेकर शिवराज सरकार तक में उन्होंने बड़े विभाग संभाल चुके हैं। मौजूदा वित्त मंत्री के अलावा वे पहले परिवहन, गृह, श्रम, जेल विभाग के भी मंत्री रह चुके हैं। गहलोत के राज्यपाल बनने के बाद श्री देवड़ा मप्र में पार्टी बड़े दलित चेहरा हैं।

#### विंध्य के कद्दावर नेता राजेन्द्र शुक्ल



विंध्य के कद्दावर नेता राजेन्द्र शुक्ल को उपमुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा जाएगा। श्री शुक्ल का जन्म 3 अगस्त 1964 को रीवा में हुआ था। उन्होंने सरकारी स्कूल से पढ़ाई की और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की। युवावस्था में ही नेतृत्व के गुण विकसित होने के कारण वे 1986 में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष बने। वह 1986 में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष थे। वे 5वीं बार विधायक चुने गए।

### छात्र राजनीति से मुख्यमंत्री की कुर्सी तक का सफर

मुख्यमंत्री पद के लिए चुने जाने वाले डॉ. मोहन यादव की राजनीति की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई थी और वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीबी है।

25 मार्च 1965 में जन्मे डॉ. यादव लंबे अरसे से राज्य की सियासत में सक्रिय है उनके राजनीतिक सफर पर गौर किया जाए तो वह 1982 में उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय के सह सचिव चुने गए थे और 1984 में छात्रसंघ के अध्यक्ष बने थे। उसके बाद इसी साल उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की उज्जैन के नगर मंत्री की कमान संभाली और 1986 में विभाग प्रमुख बने। इतना ही नहीं 1988 में अभाविप के प्रदेश मंत्री बने और राष्ट्रीय कार्यक्रम समिति सदस्य भी बने। वह 1989–90 में परिषद की प्रदेश इकाई के मंत्री बनाए गए और 1991–92 राष्ट्रीय मंत्री चुने गए। यादव 1993 से 1995 तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उज्जैन नगर के शहर खंड कार्यवाह रहे और 1996 में खंड कार्यवाह तथा नगर कार्यवाह की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। वह 1997 में भाजपा की प्रदेश समिति में सदस्य बने, 1998 में उन्हें पश्चिम रेलवे बोर्ड की सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया। वह 2004 से 2010 तक उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रहे। 2011 से 2013 तक मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रहे। डॉ. यादव 2013 में पहली बार उज्जैन दक्षिण से विधायक बने। पार्टी ने 2018 में फिर उन पर भरोसा जताया और वह चुनाव जीते और 2023 में एक बार फिर निर्वाचित हुए और मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुँच गये।

### नाम सुनकर खुद चौंक गए यादव

भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले नवनिर्वाचित विधायकों का फोटो सत्र हुआ। जिसमें डॉ. मोहन यादव पीछे तीसरी पंक्ति में बैठे थे। जब नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके नाम का प्रस्ताव किया तो वे खुद चौंक गए और खुद वहीं बैठे रहे। बाद में आगे आए और सभी के हाथ जोड़े और एक के बाद एक नेताओं ने उनका स्वागत किया।

**नेता चुने जाने के बाद कहा-**

### विकास के कारवां को आगे बढ़ाएंगे



विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वे विकास के कारवां को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने राज्य के मुखिया की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व, प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ भाजपा ही है जो एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देती है।

## शिवराज, तोमर, विजयवर्गीय, पटेल, वीडी और सिंधिया समेत कई नेताओं ने दी बधाई



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए मोहन यादव के नाम की घोषणा होने के बाद से उन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर मोहन यादव को निवृत्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री यादव को कर्मठ साथी बताया और कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में आप मध्यप्रदेश को प्रगति और विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। साथ ही जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान रचेंगे, इस नई जिम्मेदारी के लिए बहुत–बहुत बधाई, शुभकामनाएं।

इसके अलावा सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में श्री चौहान ने वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल को भी उप मुख्यमंत्री पद पर मनोनीत किए जाने पर बधाई दी है। श्री चौहान ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने के निर्णय का भी स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि इन नेताओं के समृद्ध अनुभव से राज्य के विकास और जनकल्याण कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता विधायक नरेन्द्र सिंह तोमर ने भी भाजपा विधायक दल के नेता मोहन यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इसी प्रकार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी मुख्यमंत्री के लिए मोहन यादव के नाम का ऐलान होते ही बधाई देने के साथ ही शुभकामनाएं व्यक्त की। नवनिर्वाचित विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने भी श्री यादव को शुभकामनाएं और बधाई दी है। वहीं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट बधाई संदेश में कहा कि सर्वसम्मति से मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री चयनित किए जाने पर उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव को हार्दिक बधाई, मेरा पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आप डबल इंजन की सरकार के लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और राज्य की उत्तरोत्तर वृद्धि सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने श्री यादव को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में भाजपा सरकार उन्नति, समृद्धि और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

---

**सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सुनाया फैसला**

# जम्मू-कश्मीर से 370 हटाने का फैसला बरकरार

### अगले साल सितम्बर तक चुनाव कराने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू–कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, 'हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं।' इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिए।

### कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं

मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। 5 जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना शामिल थे। बेंच के सामने लगातार 16 दिन तक चली सुनवाई 5 सितंबर को खत्म हुई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के 96 दिन बाद केस पर फैसला सुनाया।



### हर फैसले को चुनौती नहीं दे सकते

सीजेआई ने कहा कि केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की यह दलील खारिज कर दी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि आर्टिकल 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा कानून ही बना सकता है, ऐसा कहना सही नहीं होगा। सीजेआई ने बताया कि फैसले में 3 जजों के निर्णय हैं। एक फैसला चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का है। दूसरा फैसला जस्टिस कौल का है। जस्टिस खन्ना दोनों फैसलों से सहमत हैं।

> हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं : **सुप्रीम कोर्ट**



आर्टिकल 370 को निरस्त करने पर आज का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है। ये सिर्फ कानूनी फैसला नहीं है। यह आशा की किरण है, उज्जवल भविष्य का वादा है : **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



आर्टिकल 370 हटने के बाद गरीबों और वंचितों के अधिकार बहाल हो गए हैं। पत्थरबाजी अब अतीत की बातें हो गई हैं। पूरा क्षेत्र अब मधुर संगीत व सांस्कृतिक पर्यटन से गूंजता है : **अमित शाह**, गृह मंत्री



जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। आर्टिकल 370 को अस्थायी प्रावधान बताने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारी हार नहीं है, बल्कि भारत के विचार की हार है : **महबूबा मुफ्ती**, पूर्व मुख्यमंत्री



फैसले से निराश हूं, लेकिन हतोत्साहित नहीं। संघर्ष जारी रहेगा। यहां तक पहुंचने में बीजेपी को दशकों लग गए। हम भी लंबी दौड़ के लिए तैयार हैं : **उमर अब्दुल्ला**, पूर्व मुख्यमंत्री

# पश्चिम क्षेत्रीय नेशनल लेवल महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन हुए कड़े मुकाबले



**सागर, देशबन्धु।** ज्ञान सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में चल रही 5 दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय नेशनल लेवल महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता अपने अंतिम पड़ाव पर है। सोमवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन होने वाले मैचों में टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली इसी के साथ सोमवार को सभी क्वार्टर फाईनल के मैंचों का समापन हो चुका है जिसमें अंतिम चार टीमों में अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिभागी टीमें ऐड़ी चोटी का जोर लगाया। इस प्रतियोगिता के दौरान अभी तक 80 मैंच खेले जा चुके है जिनमें से अंततः 4 टीमों ने सोमवार को शाम से होने वाले अंतिम चरण के लिए क्वालीफाई किया है। अंतिम चरण में क्वालीफाई करने वाली सभी टीमें इसी माह भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया लेवल महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सीधे प्रवेश करेंगी। खबर लिखे जाने तक आज खेले गए मैंचों के परिणाम इस तरह रहे- डीयूएस विवि सीकर ने सावित्री बाई फुले विवि पुणे को 3-0 से, गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद ने आरएसटीएम विवि, नागपुर को 3-0 से, लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजूकेशन एलएनआईपीई ग्वालियर ने बरकतउल्लाह विवि भोपाल को 3-0 से, एसकेडीयू विवि, राजस्थान ने बीकेएनएम विवि जूनागढ़ को 3-0 से हराकर कल होंने वाले मुकाबलों के लिए क्वालीफाई किया। सोमवार के मुख्य अतिथि के रूप में संदीप श्रीवास्तव, अर्पित पाण्डेय, डॉ. महेश दत्त त्रिपाठी, डॉ. गीतांजली त्रिपाठी रहे जिनका संस्था के डायरेक्टर इंजी. रितुल सराफ तथा संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। अतिथियो ने महिला प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करने के बाद प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कहा कि किसी भी खेल प्रतियोगिता में या तो हम जीतते हैं या फिर सीखते हैं। कार्यक्रम में निकुंज अग्रवाल, पीयूष पाठक, दयाराम अहिरवार, हर्षित तिवारी, असलम खान, चन्द्रदेव सिंह, विजय पाण्डेय, नरेन्द्र नामदेव, यूजिन जॉन एवं समस्त ज्ञान सागर स्टॉफ ने प्रतिभागियों को जीत की शुभकामनाऐं दी।

# श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आये कलश का पूजन कर निकाली शोभायात्रा



**बीना, देशबन्धु।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत सोमवार को बीना पहुंचे। इसका बीना में श्रद्धालुओं ने पूजन किया। इसके बाद शहर में शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा में शामिल संत और विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर निर्मित नवीन मंदिर में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम विराजित होंगे। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए समस्त भारतवासियों को आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर जाकर अक्षत देकर आमंत्रित कर रहे हैं। बीना में अयोध्या से आये अक्षत कलश को बड़ी धूमधाम के साथ नृसिंह मंदिर में पूजन एवं दर्शन के लिए स्थापित किया गया। मंगल अक्षत कलश की नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के क्रमांक एक स्कूल के पास स्थित संघ कार्यालय से शुरू हुई जो कॉलेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा, थाने से होकर नृसिंह मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में अयोध्या तीर्थ से आए मंगल अक्षत कलश को सिर पर रख कर नगर मे शोभायात्रा निकाली गई। अयोध्या तीर्थ से आये अक्षत कलश के दर्शन एवं कलश पूजन के लिए भक्तों में बड़ा उत्साह देखा गया। जगह-जगह मंगल कलश का पूजन आरती की गई। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम आमंत्रण अभियान के नगर सयोंजक देवेन्द्र राय ने बताया की 01 से 22 जनवरी 2024 तक महाअभियान चलाकर नगर की बस्ती योजना से वार्ड के घर-घर संपर्क कर एवं अयोध्या तीर्थ से आये अक्षत भेट कर आमंत्रित किया जाएगा। शोभायात्रा में शोभायात्रा में सुरेन्द्र राजपूत, विकास राजपूत, देवेन्द्र राय, शिवम पाठक, प्रतिभा रावत, सोनाली राय, अर्चित जैन, अपूर्व परिहार, आरती राजपूत, संजीव जैन, मुरारी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने ज्वेलर्स और सूने मकान को बनाया निशाना



**खुरई, देशबन्धु।** झंडा चौक के पास न्यू गुरहा मार्केट में एक ज्वेलर्स की दुकान सहित एक सूने घर में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, खुरई शहरी थाना क्षेत्र के झंडा चौक के पास न्यू गुरहा मार्केट में स्थित सुनील पिता सीताराम सोनी 52 निवासी शर्मा वार्ड की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान की अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब एक लाख रुपए कीमत के रत्न, दो ग्राम सोना, पांच हजार रुपये नगदी चोर चोरी कर ले गए हैं। दुकानदार दर्शन सोनी ने बताया कि जब वह दुकान पर पहुंचे, तो दुकान के ताले टूटे हुए मिले और दुकान का सामान बिखरा पड़ा हुआ था और दुकान में रखी अलमारी का लॉकर टूटा हुआ मिला। दुकान में से एक लाख रुपए कीमत के पन्ना, नीलम, पुखराज, मोती चोरी किये गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक चौरसिया के नेतृत्व में न्यू गुरहा मार्केट के व्यापारियों ने खुरई शहरी थाना पहुंचकर शहरी थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा को मार्केट में गश्त कराने की मांग की है। दीपक चौरसिया ने बताया कि रात में मार्केट की दुकानें बंद होने के बाद यहां असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। मार्केट में रात में गश्त की जाये जिससे यहां बैठने वाले असामाजिक तत्व के लोगों में भय बना रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से दीपक चौरसिया, बल्ली सोनी, सुनील सोनी, चंचल नेमा, टिल्लू सेन, सूर्या चौबे, बल्लू नेमा, बहीद खान, सुधीर गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। वही जानकारी के मुताबिक खुरई के सरयू नगर में भी एक शिक्षक के सूने मकान में भी चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना के समय घर के सभी सदस्य शहर से बाहर गए हुए हैं। घर के ताले टूटे हुए मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। चोरी की सूचना के बाद उनके परिचितों ने घर के मुख्य दरवाजे पर दूसरा ताला लगा दिया है। घर के मालिक के लौटने के बाद ही पता चल पाएगा कि घर में कितने की चोरी हुई है। खुरई शहरी थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा ने बताया कि शहर में लगातार टीम बनाकर रात में गश्त की जा रही है। वह भी रात में गश्त करती हैं। चोरी की जो जानकारी मिली है उनकी जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## दो चचेरी नाबालिग बहनों का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा थाना अंतर्गत दो दोस्तों ने दो नाबालिग चचेरी बहनों को अपने झूठे प्यार के जाल में फंसाया और फिर शादी करने का झांसा देकर उन्हें अपने साथ अपहरण कर गांव ले जाकर जहां पर दोनों से जबरदस्ती की। परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्चियों की तलाश शुरू की और 24 घंटे के अंदर ही आरोपियों के चंगुल से इन्हें छुड़ा लिया। पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार खिमलासा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 16 और 17 साल की दो चचेरी बहनें 8 दिसंबर की रात को शौच के लिए अपने घर से निकली थी। जब काफी देर तक वह वापस अपने घर लौट कर नहीं आई तो परिजनों को शंका हुई। परिजनों ने कई जगहों पर किशोरियों की तलाश की, लेकिन कहीं पर भी दोनों के नहीं मिलने पर थाने पहुंचकर दोनों किशोरियों की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद दोनों किशोरियों की तलाश शुरू कर दी। खिमलासा पुलिस ने मामला दर्ज होने के 24 घंटे में ही दोनों किशोरियों को आरोपियों के गांव से दस्तयाब कर लिया है। दरअसल, दोनों आरोपी दूसरे गांव के रहने वाले हैं और दोनों दोस्त भी है। आरोपियों ने किशोरियों को शादी का झांसा देकर उनका अपहरण कर उनके साथ गलत काम किया। दोनों बहनों ने पुलिस को सारी आप बीती सुनाई। इसके बाद आरोपी अजय 22 और तुलसी 23 के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले की जांच कर रहे खिमलासा थाने के सहायक उपनिरीक्षक सैयद आसिफ अली ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफधारा 363, 366ए, 376 सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। दोनों किशोरियों की दस्तयाबी और आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक मुलायम सिंह, सहायक निरीक्षक सैयद आसिफ अली, दीपक पांडे, बृज भान सिंह पटेल, मोनिका जोशी की भूमिका रही।

# निगमायुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली



**सागर, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का 14 दिसंबर को नगर आगमन हो रहा है जो 19 दिसंबर तक नगर निगम क्षेत्र में 11 स्थानों पर आयोजित किये जाने वाले शिविर जिसमें मौके पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें हितलाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी साथ ही शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप भी लगाया जाएगा जिसमे शहर में आने वाले नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाएं जाएंगे जिसमें योजना के पात्र हितग्राहियों के पंजीयन और लाभ देने की कार्रवाई की जाएगी। जिसकी तैयारियों को लेकर निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने नगर में यात्रा के लिए बनाए गए समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली और निर्देश दिए कि प्रत्येक शिविर में जनप्रतिनिधियों, आसपास के वार्ड पार्षदों को आवश्यक रूप से नोडल अधिकारी आमंत्रित करें, शिविर में पृथक-पृथक योजनाओं का लाभ देने स्टाल लगाये जाए, शिविर में आने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाया जाये, पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन के हितग्राहियों की समस्या का निराकरण कर लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ से लाभन्वित किया जाए। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों, पीएम स्वनिधि योजना, स्वसहायता समूह के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाएं, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार कार्ड अपडेशन आदि के भी पृथक-पृथक स्टॉल लगाये जाए। योजना के प्रचार-प्रसार हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार करने, मुख्य स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाने आदि के निर्देश दिए। बैठक में सहायक राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरु, विजय दुबे, पूरन लाल अहिरवार, संजय तिवारी, दिनकर शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# फोन कॉल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अभद्रता



## बदमाश ने कॉल कर मांगा पोषण ट्रैकर का पिन, नहीं देने पर की गालीगलौज

**रहली, देशबन्धु।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फोन कॉल कर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी के साथ रहली थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार रहली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को रविवार दोपहर अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। बदमाश ने खुद का नाम अविनाश कुमार बताया, उसने कहा कि मैं महिला बाल विकास विभाग का अधिकारी हूं। विभाग के पोषण ट्रैकर का पिन नंबर बताओ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पिन नहीं बताया तो बदमाश बोला कि पोषण ट्रैकर पर आप जानकारी अपडेट नहीं करती हो। ऊपर अधिकारियों को शिकायत करता हूं। पिन बताओ। वरना सस्पेंड हो जाओगी। लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने फोन कॉल पर पिन बताने से मना कर दिया। उसने कहा कि पिन चाहिए तो ऑफिस से ले लो। इसी बात पर बदमाश भड़क गया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ गालीगलौज करने लगा। घटनाक्रम से आहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने तत्काल मामले की सूचना विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ रहली थाने पहुंचकर शिकायत की। रहली थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शिकायती आवेदन दिया है। गालीगलौज कर अभद्रता करने वाले की जानकारी निकाली जा रही है। साइबर सेल की टीम उक्त मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस करने में लगी है।

# नव कुंडीय महायज्ञ के आमंत्रण भक्तों के द्वार पर दिए गए



**सागर, देशबन्धु।** अयोध्या धाम महा आयोजन के उपलक्ष्य में बुंदेलखंड की पावन धरा सागर में श्री नव कुंडीय महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन प्रस्तावित राम मंदिर संजय ड्राइव पर होने जा रहा है और इस आयोजन को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने मिल रहा है, श्रद्धालुओं की उपस्थिति बता रही है कि यह आयोजन श्री अयोध्या धाम आयोजन से ओत प्रेत नजर आएगा। श्री राम के भक्तों ने द्वार पर जाकर महायज्ञ में शामिल होने के लिए न्योते दिए और भक्तों ने सादर स्वीकार करते हुए अभिनंदन भी किया, श्रद्धा के पुष्प अर्पण करने के लिए आयोजन समिति को विश्वास दिलाया यह आयोजन 500 वर्षों की तपस्या उपरांत श्री राम के भक्तों को प्राप्त हुआ है। 22 जनवरी को जब प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। तब हर घर दिवाली घर-घर दीपावली का महोत्सव बुंदेलखंड क्षेत्र में भी मनाया जाएगा। यह महा महोत्सव भक्तों के लिए उत्साह से भरा है और समर्पण का भाव नजर आ रहा है। नगर के अनेक मोहल्ला एवं कॉलोनी में भ्रमण करते हुए आयोजन का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर पं. देवी प्रसाद उपाध्याय, शिवराज शुक्ला, दीपक तिवारी, साक्षी गोपाल दीक्षित, कपिल उपाध्याय, रमेश साहू, अनिल चौबे सहित भक्त उपस्थित थे।

# ठंड से बचाव के लिए, गौ सेवको ने आवारा पशुओं को औषधीय गुड़ के लड्डू खिलाएं



**बांदरी, देशबन्धु।** जब कुछ अच्छा करने का इरादा हो तो लोग किसी भी कार्य को अलग तरीके से करके करते हैं ऐसी ही कुछ नई पहल की शुरुआत बांदरी में युवाओ के द्वारा की गई है नगर के आवारा पशुओं को बढ़ती ठंड और संक्रमण से बचाने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है, औषधीय लड्डू युवाओं ने शहर में आवारा घूम रहे गाय बैलों को खिलाये ताकि पशुओं में सर्दी सहने व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके। गौ सेवको ने बताया कि गुड, चापर, सरसों तेल, सौंठ, अजवाइन, हल्दी, पीपल व अन्य औषधीय सामग्री मिलाकर 90 किलो लड्डू तैयार किये है और नगर के सभी जगह घूम रहे आवारा पशुओं को यह औषधि निर्मित लड्डू गौसवेकों ने खिलाये और कहा कि इससे गाय, बैलों की पाचन क्रिया सुधरेगी और इन पशुओं रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी। इन्हें पशुओं को खिलाने से पशुओं का निमोनिया व ठंड से बचाव होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में गौ सेवक उपस्थित रहे।

# रेलवे के निर्माणधीन ओवरब्रिज के पास पड़े मटेरियल से गिरी बाइक, दो चचेरे भाइयों की मौत

**खुरई, देशबन्धु।** सागर हाईवे पर रविवार शाम सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मृतक चचेरे भाई हैं। ठाकुर बाबा रेलवे फाटक के निर्माणधीन ओवरब्रिज का मटेरियल सड़क पर पड़ा है। चचेरे भाइयों की बाइक मटेरिल के कारण फिसल गई। इससे बाइक सवार सड़क पर घायल अवस्था में पड़े मिले। राहगीरों ने इसकी जानकारी खुरई देहात थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार दोनों घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों के परिजनों ने कहा कि रेलवे फाटक के निर्माणधीन ओवरब्रिज के पास ठेकेदार की लापरवाही के कारण दोनों की जान गई है। बाइक सवार दामोदर पिता छतरे आदिवासी 40, ब्रजेश पिता हीरालाल आदिवासी 25 दोनों निवासी वार्ड 19 नरयावली जो अपनी बाइक एमपी 15 एमएम 1045 से घर लौट रहे थे। निर्माणधीन ओवरब्रिज के मटेरियल से टकराकर उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतक के भतीजे घनश्याम आदिवासी ने बताया कि उनके दोनों चाचा पडरई गांव में खेत पर गए हुए थे। खेत से वह अपने घर आ रहे थे, सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। इस समय नेशनल हाईवे बीना-सागर रोड के ठाकुर बाबा रेलवे फाटक और जेरई रेलवे गेट के पास ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। निर्माण स्थल पर संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाया है, न ही रिफ्लेक्टर लगाया है। इससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ओवरब्रिज निर्माण ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा वाहन चालक भुगत रहे हैं। इस मामले की जांच कर रहे खुरई देहात थाना के सहायक उप निरीक्षक जीपी यादव ने बताया कि डायल 100 से सूचना मिली थी तो मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 14 को देवरी भ्रमण पर

**सागर, देशबन्धु।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 14 दिसंबर को देवरी तहसील मुख्यालय देवरी पर भ्रमण पर जाना प्रस्तावित है। भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी से मिलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस ध्वज सौंपे जायेगे एवं पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं से भेंट कर उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा।

# खाद्य पदार्थ विक्रय एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए खाद्य पदार्थ विक्रय एजेंसियों से विभिन्न प्रकार की दाल, पोहा, भूना चना के नमूनें जांच हेतु लिए। कार्यवाही में शहर में मीट मार्केट के सामने स्थित पवन ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। मौके पर विक्रय हो रहे लाजवाब ब्रांड पोहा, भूना चना, अरहर दाल, मूंग दाल एवं उड़द दाल के नमूनें जांच हेतु लिए। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

## हम अपने वर्तमान पुरुषार्थ से अतीत के कर्म को काट सकते हैं: मुनिश्री

**सागर, देशबन्धु।** अपने मन के पात्र को साफ सुथरा बनाकर सीधा रखें, ताकि निरग्रंथ साधु के मुख से जब धर्म ग्रंथ की बरसात हो तब वह तुम्हारे हृदय के पात्र को भरने वाली हो यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बड़कुल विजय टॉकीज चौराहा में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही मुनि श्री ने कहा हम अपने वर्तमान पुरुषार्थ से अतीत के कर्म को काट सकते हैं और भविष्य में जीवन की सुंदर संरचना कर सकते हैं। धर्म जीवन बीमा की तरह है परंतु इसमें जो धर्म का बीमा करता है वह लाभ उसे स्वयं मिलता है दूसरों को नहीं। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा पास तुम्हारे सब कुछ हो सकता है, साथ कुछ नहीं जाएगा। हमारे साथ हमारे द्वारा किए गए पाप, पुण्य जाएंगे, इसलिए भावों को पवित्र रखो। शुभ भावों से भव का निर्माण होता है। अपने दुश्मन के प्रति भी श्रेष्ठ भाव रखो, भावों की विशुद्धि निर्जरा में कारण है।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक 13 को

**सागर, देशबन्धु।** आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिकाओं एवं उपकार्यकर्ताओं की नियुक्ति हेतु प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के लिए 13 दिसंबर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें: चन्द्रशेखर शुक्ला

### सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र में समस्त वार्डों में आयोजित किये जाएंगे शिविर

**सागर, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उक्त निर्देश प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से केंद्रीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे तथा प्रमुख योजनाओं का शत-प्रतिशत कवरेज हो इसके संबंध में केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसकी तैयारियों के संबंध मे दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह सहित समस्त विभागों की विभागीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, नगर पालिकाओं के मुख्य अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोबाइल वैन 14 दिसंबर को सागर नगर में प्रवेश करेगी जो 19 दिसंबर तक नगर में रहेगी। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र के 11 प्रमुख स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें केंद्र शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही साथ ही इन योजनाओं का लाभ नागरिक किस प्रकार ले सकते हैं, इसकी जानकारी नागरिकों को दी जाएगी। शासन द्वारा केंद्रीय योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से नागरिकों को परिचित कराने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र प्रचार की गतिविधियों, आम नागरिकों में योजनाओं के प्रति जागरूकता लाना, सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच बनाना, जो किन्हीं कारणों से इन योजनाओं के लाभ लेने से वंचित रह गए हैं। उन्हें लाभ दिलाना और केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी का प्रचार-प्रसार करना तथा नागरिकों और लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध में अनुभव जानना आदि प्रमुख है। शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन अभियान, अमृत योजना जैसी 17 प्रमुख योजनाएं शामिल है। जिनके पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जाएगा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में आयुष्मान भारत योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, उन्नत कृषि यंत्र योजनाओं को शामिल किया गया है। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभागों की काउंटर लगाकर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। सभी शहरों में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा को निर्देशित किया कि सभी जनपद पंचायत के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए रूट चार्ट तैयार कराये एवं सभी यात्राओं के लिए प्रभारी नियुक्त करें।

## सार समाचार

### जिले में यूरिया की कमी नहीं, किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद

**छतरपुर, देशबन्धु।** उपसंचालक कृषि डा बीपी सूत्रकार ने जिले के ग्रामीण अंचल में खेतों में फसल का मुआयना करके किसानों से कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद का भंडारण है, चिंता न करें सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिलेगी।

डा सूत्रकार ने बताया कि कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में जिले में रविवार को एक एनएफएल यूरिया की रैक 2600 मीट्रिक टन की प्राप्त हुई है। जल्दी ही दो रैंक और छतरपुर जिले में भेजने का प्रपोजल भेजा गया है। उन्होंने बताया जिले में यूरिया की मांग 35000 मीट्रिक टन थी, जिसके विरुद्ध 23000 मीट्रिक टन मिल चुकी है। वर्तमान की रैक से लगभग 2200 मीट्रिक टन खाद प्राप्त होने वाली है जो 25000 मीट्रिक टन से अधिक हो जायेगी। जिससे अब किसानों को यूरिया की कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया जिले में डीएपी खाद 2100 मीट्रिक टन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, उसके विकल्प के रूप में कंपलेक्स फर्टिलाइजर 4000 मीट्रिक टन से अधिक उपलब्ध है। उपसंचालक कृषि डा बीपी सूत्रकार ने बताया कि रबी की बुवाई लगभग 98 प्रतिशत हो चुकी है। छुटपुट खेत बोनी के लिए रह गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर गुलगंज, बंधा, बडामलहरा, भगवा, घुवारा तथा चंदौली गांव का भ्रमण करके क्षेत्र में बोई गई रबी फसलों का जायजा लिया गया है। खेतों में जाकर कई किसानों से संपर्क भी किया। इस दौरान कई किसानों को खेतों में यूरिया खाद डालते देखा गया। किसानों को बताया गया कि यूरिया का उपयोग गेहूं फसल में पहली सिंचाई के बाद और दूसरी सिंचाई के बाद टॉप ड्रेसिंग के रूप में दो बार किया जाता है। इसकी मांग दिसंबर के अंत तक किसानों को रहती है तभी तक किसानों को यूरिया उपलब्ध रहे इसके पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डा सूत्रकार ने बताया कि डबल लोक केंद्रों तथा निजी विक्रेताओं से यूरिया का वितरण जिले में जगह.जगह किया जा रहा है। किसानों को होने वाली समस्याओं के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है जिस पर किसान अपनी समस्या को बताएंगे तो तत्काल समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से कहा है कि यदि मंहगी दरों पर कहीं यूरिया का विक्रय किया जा रहा है तो उसकी सूचना विभाग को दें ताकि विक्रेता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई

### खजुराहो के पर्यटन व्यवसाय को लगेंगे पंख, फिल्मी सितारों के साथ आएंगे सैलानी

# श्रीदेवी को समर्पित रहेगा नौवां खजुराहो फिल्म फेस्टिवल

**छतरपुर, खजुराहो, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल खजुराहो में गुलाबी सर्दियों की दस्तक के साथ टूरिस्ट सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में यहां 16 से 22 दिसंबर तक 9वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आगाज होने वाला है। जिसमें कई प्रख्यात सिने कलाकार खजुराहो आयेगे। इनका आकर्षण निश्चत रूप से यहां पर्यटकों को भी खींच लायेगा। जिससे खजुराहो के पर्यटन व्यवसाय को पंख लग जायेंगे।

चंदेलकालीन प्राचीन मंदिरों की भव्यता और अदभुत पाषाण शिल्प पर्यटकों के लिये हमेशा से आकर्षण का केन्द्र रहा है। यहां जो आता है वो पत्थरों पर उकेरी गई कामकला से मंडित प्रतिमाओं के सम्मोहन में बंधकर रह जाता है। दिसंबर में जब यहां गुलाबी सर्दी दस्तक दे रही है ऐसे में खजुराहो में टूरिस्ट सीजन शुरू हो जाता है। यहां आने वाले देशी और विदेशी सैलानी पर्यटन पर निर्भर खजुराहो के व्यवसाय का ग्राफ बढा देते हैं।

ऐसे में यहां 16 दिसंबर से 9वें अंतरराष्ट्रीय खजुराहो फिल्म फेस्टिवल का आगाज होने वाला है जो पूरे सात दिनों तक चलेगा। 22 को इसका समापन किया जाएगा। इस बार का ये फिल्म फेस्टिवल दिवंगत प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री श्रीदेवी को समर्पित रहेगा। जिसमें प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता असरानी, गुलशन ग्रोवर, फ़िल्म निर्माता बोनी कपूर, गदर 2 फेम मनीष बाधवा, महाभारत सीरियल में सूत्रधार के रूप मे आवाज देने वाले हरीश भिमानी, अली खान, पंकज धीर जैसी फ़िल्मी हस्तियों के शामिल की स्वीकृति मिल गई है। बहरहाल एक तो फिल्म फेस्टिवल में कई देशी और विदेशी फिल्मों का प्रदर्षन लोगों को आकर्सित करेगा, वहीं सिने सितारों को देखने उनसे मिलने का आकर्षण भी सैलानियों को खजुराहो की ओर खींचेगा। जिससे यहां के व्यवसाइयों को उम्मीद है कि पर्यटन पर आधारित यहां के कारोबार को जरूर पंख लगने वाले हैं।




### टपरा टाकीज में होगा फिल्मों का प्रदर्शन

खजुराहो अंतराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव के संयोजक प्रयास प्रोडक्शन के निदेशक राजा बुंदेला ने बताया कि इस आयोजन में श्रीदेवी के पति फ़िल्म निर्माता, निर्देशक बोनी कपूर अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आकर आयोजन में हिस्सा लेंगे। हर बार की तरह इस बार भी महोत्सव में देश विदेश की फिल्मों का टपरा टाकीजों में प्रदर्शन किया जायेगा। यहां बता दें कि फ़िल्म महोत्सव के आयोजन में अभिनेता राजा बुन्देला की पत्नी अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी बुंदेला का सहयोग खास है। सूत्रों की मानें तो फिल्मोत्सव में केंद्रीय मंत्रियों में कौशल किशोर और फगगन सिंह कुलस्ते के आने की स्वीकृति मिल चुकी हैं। खजुराहो सांसद, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया सहित जिले के सभी विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी सहित अन्य अतिथिगणों को आमंत्रित किया गया है।

### फिल्म फेस्टिवल से बुंदेली प्रतिभाओं को मिला मंच

आयोजक राजा बुन्देला के अनुसार छत्रसाल, आल्हा ऊदल और रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीर वीरांगनाओं की इस धरती को राग रंग का साधन समझे जाने वाले फिल्म उद्योग से परिचित कराना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। गौरतलब है खजुराहो में शेखर कपूर, बोनी कपूर, चंद्रप्रकाश सिंह, मणिरत्नम जैसे फिल्मकार या तो रूचि ले रहे हैं या अपनी फिल्मों का यहां फिल्मांकन कर चुके हैं। बुंदेलखंड जे ओरछा, चित्रकूट और खजुराहो आज बालीबुड के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बन गये हैं। हिंदी फिल्मोद्योग का यही प्यार आज बुंदेलखंड के युवाओं के लिए न सिर्फ आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है बल्कि बुंदेली रंगमंच, कला, साहित्य और सिनेमा से जुड़े प्रतिभावान युवाओं को एक मंच भी प्रदान कर रहा है।

# सूने घर के ताले तोडकर 10 लाख की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार सोमवार की दरम्यानी रात सिविल लाइन थाने के अंतर्गत पन्ना रोड पर बनी पैराडाइज कालोनी के एक सूने घर के ताले तोडकर चोर 10 लाख रूपये का सामान चुराकर भाग गये हैं। सुबह चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर जाकर तहकीकात शुरू कर दी है।

पैराडाइज कालोनी शहर की पांश कालोनियों में से एक है। ये कालोनी चारों ओर से बाउंड्री और उस पर लगे कंटीले तारों से घिरी है। इसके बावजूद चोरों ने सर्दी की सन्नाटे वाली रात का फायदा उठाया और दबे पांव बाउंड्रीवाल के कंटीले तार काटकर कॉलोनी के अंदर दाखिल हो गये। संभवत: इस कालोनी में सेवानिवृत्त प्रोफेसर नरेन्द्र जैन के मकान की चोरों ने रैकी करके पहले से चिन्हित कर लिया था, जो सूना पडा था। दरअसल प्रोफेसर का बेटा और बहू दो माह पहले ही इस मकान में रहने के लिये आए थे। वे 6 दिसंबर को मकान मे ताले लगाकर एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बाहर गये थे। सोमवार को सुबह करीब 5 बजे के बाद जब वे लोग छतरपुर लौटे तो कालोनी में अपने घर के ताले टूटे देखकर उनके होश उड गये। परिवार के लोगों ने जब शोर मचाया तो कालोनी में रहने वाले तुरंत उनके यहां जा पहुंचे। इधर चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर जा पहुँची।

बताया गया है कि इस घर के पार्क के दूसरी ओर एक घर में लगे सीसीटीवी के फुटेज जब चैक किये गये तो पता चला कि परिवार के वापस लौटने से कुछ घंटे पहले सोमवार की सुबह करीब 4 बजे चोर घर में दाखिल हुये थे। वे 17 मिनट तक घर के अंदर रहे और कम समय में पूरा सामान समेटकर 4 बजकर 20 मिनट पर आराम से बाहर निकले और जहां से आये थे उसी मार्ग से निकलकर भाग गये। जब घर के अंदर देखा गया तो पता चला कि चोर नगदी और जेवर सहित करीब 10 लाख रूपये का सामान यहां से चुराकर ले गये थे। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक पडताल में पता चला कि चोर कालोनी की रेलवे लाइन की ओर वाली दीवार पर चढकर वहां सुरक्षा के लिहाज से लगाये गये कंटीले तारों को काटकर कालोनी में दाखिल हुये। वारदात को अंजाम देकर उसी रास्ते से बाहर निकलकर भागे थे। हालांकि पुलिस को अभी तक चोरों का सुराग नहीं मिला है। मगर पुलिस शीघ्र मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। वहीं पाश कालोनी में इस घटना के बाद से वहां रहने वालों में दहशत फैली है। यहां बता दें कि इस कालोनी में चोरी की ये पहली वारदात नहीं बल्कि इसके पूर्व भी 11 महीनों में कालोनी में दो बार बडी चोरियां हो चुकी हैं। पहली चोरी 12 फरवरी 2023 को मकान नंबर 25 में हुई थी और दूसरी चोरी जून 2023 में मकान नंबर 92 में हुई थी। 11 महीने में तीसरी बडी चोरी की घटना ने यहां रहने वालों की नीद उडाकर रख दी है।

### आनंदम सह्योगी तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला शुरू

# परिवर्तन की आहट आवाज बने तो अल्पविराम सफल : अर्गल



**छतरपुर, देशबन्धु।** पूरे प्रदेश के लगभग 55 आनंदको के साथ प्रारंभ कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य आनंद संस्थान के सीईओ अखिलेश कुमार अर्गल ने कहा कि अल्पविराम कार्यक्रम से यदि खुद में परिवर्तन की आहट सुनाई देने लगी है पर जब यह आवाज में बदल जाए तभी अल्पविराम सफल है।

उन्होने कहा कि जब हम खुद को अच्छे से देख पाते हैं तो छोटे-छोटे परिवर्तन बड़े परिवर्तन के रूप में बदल जाते हैं। संस्थान के डायरेक्टर सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि फोकस खुद पर होगा तो लर्निंग भी सटीक होगी। शुभारंभ सत्र का संचालन लखनलाल असाटी छतरपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रवीण कुमार गर्ग के साथ मनु दीक्षित, कमलेश कुमार तिवारी, देवाशीश, मुकेश करूआ, प्रदीप महतो, अनिल कांबले, डॉ साक्षी सहारे, संजय गुप्ता,नीलम विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। यहां बता दें कि सोमवार से प्रारंभ हुई यह कार्यशाला बुधवार को समाप्त होगी और उसके बाद दो दिनों तक मध्य प्रदेश के समस्त मास्टर ट्रेनर्स का एडवांस प्रशिक्षण राज्य आनंद संस्थान द्वारा कराया जाएगा।

### व्यवहार ठीक रखने अंदर के भावों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण

पहले दिन के महत्वपूर्ण सत्र जीवन के लेखा-जोखा के आउटकम पर मास्टर ट्रेनर लखनलाल असाटी ने प्रतिभागियों के साथ विस्तार से संवाद किया। उन्होंने कहा आखिर खुद को आनंदित रखने के लिए हमें कृतज्ञता, मदद और क्षमा जैसे भावों पर किस तरह से काम करना है, इस पर धतं देना जरूरी है। उन्होंने खुद और प्रतिभागियों ने भी अपने जीवन से जुड़े अनेक अनुभव साझा किए। जिससे यह निश्चिंतता बनी कि कई बार हम मदद करके खुद ही कृतज्ञ होते हैं कि सामने वाले ने हमारी मदद को स्वीकार कर लिया है। क्षमा विषय पर संवाद करते हुए श्री असाटी ने कहा कि यदि ईर्ष्या, द्वेष, जलन का जहर हम पीते हैं तो इसका दुष्परिणाम भी हमें ही भोगना होगा। कई बार तो सामने वाले को यह पता ही नहीं होता है कि उसने आपके साथ कोई गलती भी की है और हम उसके द्वारा कुछ सेकंड में बोले गए कुछ शब्दों को सालों चलाते रहते हैं। मास्टर ट्रेनर डॉ साक्षी सहारे और संजय गुप्ता ने जीवन के लेखा-जोखा पर विस्तार से बातचीत की।

### नालियों में कचरा और गंदगी से नागरिक परेशान

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों नगर प्रशासन के कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। जहां-तहां गंदगी की भरमार है। शहर में कुल 40 वार्ड हैं। अधिकांश वार्डों में सही तरीके से सफाई नहीं की जा रही है। केवल सड़कों और मुख्य स्थानों की सफाई जरूर सही ढंग से की जाती है। वार्डों में नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण वार्डों की नालियां कचरें और गंदगी से पटी पड़ी हैं। जिससे यहां हल्की सी बारिश में ही नाली का पानी सड़कों पर आ जाता है। ऐसे में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों ने बताया कि कई जगह तो नालियों की महीनों से सफाई नहीं होती। लोगों ने बताया कि सफाई न होने के कारण नालियां कई जगह से चोक हो गई हैं और बाकी में कचरा और गंदगी भरी हुई है। जिससे यहां पर हमेशा दुर्गंध आती रहती है। हल्की सी बारिश में ही नालियों का पानी और कचरा सड़कों पर और घरों के दरवाजे पर आ जाता है। वहीं शहर के बाहरी इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि उनके यहां पर नगर पालिका द्वारा साफ सफाई नहीं कराई जा रही है। उन्हें जब भी सफाई करानी होती है तो स्वीपरों को रुपए देकर की कार्य कराना पड़ रहा है।

# राम भक्तों ने अयोध्या से आये कलश की भव्य आगवानी

- छोटी शाला मंदिर में विराजमान किया कलश

**घुवारा, देशबन्धु।** नया वर्ष 2024 का जनवरी माह पूरे भारत बासियों के लिए बड़ा सौभाग्य का माह होने जा रहा है जहां अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण होकर 22 जनवरी को रामलला को विराजमान होना है उसी क्रम में मंदिर के उदघाटन की तैयारी को लेकर रामभक्तो द्वारा पूरे देश में तहसील स्तर से लेकर गांवो में तक तैयारी कीजाने लगी वहीं राम भक्तों व राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा हर खंड स्तर पर कलस भेजकर तैयारी करना शुरु कर दीहै उसी क्रम में सोमवार की दोपहर घुवारा तहसील के लिए अयोध्या से आये कलस का नगर के रामभक्तो व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगो द्वारा भव्य आगवानी की गई आगवानी नगर के बरेठा बाबा तिग्डडा से की गई जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक बिनोद दुवे, रामकिशोर, बहादुर सिंह अरविंद निगम, अरविंद बुंदेला सुधांशु बाजपेई, अंकित राय सहित रामधुन मंडल व सैकडो की संख्या में लोग शामिल हुए कलश को भक्तों द्वारा बारी बारी सिर पर रखते हुए जयश्रीराम के जय जयकार बोलते हुए नगर की छोटी शाला मंदिर ले गये जहां कलश को विराजमान कर दिया गया वहीं जानकरी देते हुए बताया है कि घुवारा तहसील के 63 गांवो में जाकर वहां से आये पीले चावल रुपी आमांत्रित पत्र को दिया जायेगा साथ जो 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जा पायेगे वो अपने गांव के मंदिर में ही दीपक जलाकर भगबान के विराजमान में शामिल हो सकेंगे।

# पर्यावरणीय संघर्षों की ऐतिहासिक यात्रा के आधार पर विधालय ने मनाया वार्षिकोत्सव

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**घुवारा, देशबन्धु।** नगर घुवारा के अशासकीय विद्यालय फूलचंद्र जैन मोन्यूमेंट स्कूल के द्वारा वार्षिकोत्सव नगर के हाईसैकन्डी स्कूल मैदान में कार्य क्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बड़ामलहरा विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायका सुश्री रामसिया भारती वशिष्ठ अतिथि के रुप में नगर परिषद अध्यक्षा गुड्डी जाहर सिंह, तहसीलदार ऋतु सिंघई शामिल हुए तो वहीं विधायका रामसिया भारती उपस्थित न होने पर अपने स्थान पर ब्लाक अध्यक्ष शैलेश जैन भेजा कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर तिलक माला पहनाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।कार्य क्रम को बढ़ाते हुए बच्चों ने पर्यावरण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित कर बच्चों को पर्यावरण के महत्व को समझने व समझाने का प्रयास किया साथ ही विश्नोई मूवमेंट, चिपको मूवमेंट, अपीको मूवमेंट, नर्मदा बचाओ आंदोलन, टेहरी डैम मूवमेंट, साइलेंट वैली मूवमेंट जैसी पर्यावरण के प्रति लड़ी गई लड़ाइयों को प्रस्तुत किया गया।

साथ ही एक से एक एक बढकर रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की तो वहीं दर्शको ने तालियां बजा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम के अंत में विधालय के संस्थापक अरुण जैन सहित समस्त स्टाफ व अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों को उपहार भेंट किये।

### कांबिंग गस्त में पुलिस ने चेकिंग और दविश देकर पकड़े कई आरोपी

**छतरपुर, देशबन्धु।** फरार अपराधियों को दविश देकर पकड़ने और जगह जगह चेकिंग लगाकर आरोपियों को दबोचने के लिए पुलिस इन दिनों कॉम्बिंग गश्त कर रही है। जिसमें कई कामयाबी भी मिली हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में जिले के सभी थानों की पुलिस द्वारा की जा रही कॉम्बिंग गश्त में पुलिस के 2 राजपत्रित अधिकारियों के साथ 236 पुलिस बल ने की कामयाबी पाई हैं। पुलिस ने 22 बदमाशों को पकड़ा है जिनके नाम गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। इनके अलावा 5 स्थाई वारंटी और ई अन्य आरोपी को पकड़ा गया है। इसी तरह गुंडा चेकिंग में 102 लोगों को चेक कर कार्यवाही की गई। जिला बदर वाले 41 बदमाशों को चेक किया गया।

### मेला के बजट में आयी कमी

# मेला के दुकानदारों को बीस प्रतिशत अधिक महंगी मिलेगी दुकाने



**नौगांव -छतरपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी , उपाध्यक्ष दौलत तिवारी, सीएमओ नीतू सिंह , पार्षद श्री राम यादव , सीमा अरविन्द्र यादव , रूचि अनुराग घोष , मीरा शीलू राजा , भारती साहू, श्याम सुन्दर अरजरिया, ताहिर मंसूरी , विष्णु स्वरूप नायक , आशा बृजेन्द्र साहू , लता ओमकार यादव ,अभिलाषा शिवहरे , सुनील महाजन , युसूफ राईन , रामरती अहिरवार , रजनी देवी, मीना मुरारी जाटव, राजू बिछोले , ज्योति अमित तिवारी सहित सभी महिला पुरूष मौजूद थे। चूंकि यह बैठक आगामी 68 वां मेला महोत्सव को लेकर बुलायी गयी थी इसमें नगर पालिका की आर्थिक स्थिति को देखते हुये मेला के सफल संचालन के साथ उसकी आय बढ़ाने पर विचार किया गया । तय हुआ कि पहले की तरह क्रिकेट को 12 लाख रूपये , कबड्डी को चार लाख रूपये दिये गये । इस बैठक में जो प्रस्ताव पास हुआ उसमें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को हटाया किया गया इसकी जगह स्थानीय कवि सम्मेलन को बुलाया गया। इसका कारण बताया गया। इस कवि सम्मेलन में नगर पालिका को अधिक आर्थिक क्षति होती थी सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहलीबार इस तरह की कटौती की गयी जब अखिल भारतीय स्तर का कवि सम्मेलन नगर में नहीं होगा। इसके पहले जब से मेला का संचालन हो रहा है सांस्कृतिक कार्यक्रम में कवि सम्मेलन एक ऐसा कार्यक्रम था जिसकी शुरू से फरमाईश रहती थी ओर अच्छे कवियों को बुलाने की मांग पिछले कई सालों से यह भी देखा जा रहा था अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में दावा किया जाता था कि बड़े नामी गिरामी कवि आयेंगे और आसपास के क्षेत्रीय कवियों को बुलाकर किसी एक अच्छे कवि को बुलाने की प्रथा चल गयी थी और इसमें मनमाना खर्च भी डाला जाता था।

**बीस प्रतिशत अधिक राशि - दुकानदारों को देने होगा**- मेला और ठेला एक ऐसा उत्सव होता है जहां पर गरीब से गरीब और मध्यम और बड़े दुकानदार अच्छा व्यवसाय करते थे लेकिन इसबार उनकी भी जेब से कटौती होगी। नगर पालिका द्वारा दुकानों में 20 प्रतिशत की राशि बढ़ायी गयी है। अगर सच कहे ईमानदारी से यह बीस प्रतिशत की राशि अतिरिक्त लग जाये तो भी दुकानदारों का भला हो जायेगा लेकिन दुकानों को बुक करे उसके चौगुने रेट में बेचने की परम्परा कुछ स्वार्थी तत्वों के द्वारा हर साल की जाती है और उसका परिणाम यह होता है कि दुकानदार कई गुना अधिक पैसे निर्धारित दर से अधिक लगाते है। नगर पालिका ने किराये में बढ़ोतरी कर ली। इससे तब फर्क नहीं पड़ेगा जब दुकान उसके हकदार को उसी रेट पर बिना दलाली के अगर मिल जाती है। बरहाल जो भी हो नगर पालिका आर्थिक स्थिति को देखते हुये सर्व सहमति से इस प्रस्ताव को पारित किया गया।

# बैठक में कलेक्टर ने ली अधिकारियों की क्लास, दिए निर्देश



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम नम: शिवाय अरजरिया सहित नपा सीएमओ, जनपद सीईओ सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत यात्रा के रथ जिले के ग्रामों का भ्रमण कर केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहें हैं, इस दौरान ग्रामों में कैम्प भी आयोजित करें और पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें। कोई पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें पात्रता के हिसाब से प्राथमिकता से लाभ पहुंचाएं। कलेक्टर ने पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, आरईएस आदि विभागों को बिल्डिंग वर्क सहित अन्य कंट्रक्शन काम समयानुसार पूरा करने को कहा। सभी स्कूलों सहित नगरीय निकाय, तहसीलों एवं शासकीय कार्यालयों में बने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को एक्टिव रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में सभी अधिकारी ऑडिट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने जल शक्ति अभियान अंतर्गत कामों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस संबंध मे डब्ल्यूआरडी, पीएचई एवं जल निगम को निर्देशित किया गया।

### डीएमओ पर कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर ने खाद वितरण के संबंध में निर्देश दिए कि किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध हो और कालाबाजारी करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराएं। कलेक्टर ने डीएमओ रामस्वरूप तिवारी के टीएल में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही उपसंचालक कृषि डॉ बीपी सूत्रकार को कालाबाजारी करने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीएम को निर्देश दिए कि जो लापरवाही करें उसका प्रस्ताव कार्यवाही के लिए भेजें।

### जल संरचनाओं का खसरा नम्बर में अपडेट करें

कलेक्टर संदीप जीआर ने एसएलआर को निर्देशित किया कि सभी जल संरचनाओं के खसरा नम्बर का अपडेशन मिशन मोड में करें। खुले बोरवेल बंद कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने गौरिहार में शासकीय बोर का निजी व्यक्ति द्वारा उपयोग करने पर एफआईआर दर्ज कराने के पीएचई विभाग को निर्देश दिए। जनपद सीईओ और सीएमओ को निर्देशित कि बावड़ियों, लेक आदि के कार्य को भी देखें।

### मैरिज गार्डनों से वसूलें टैक्स वसूलने

कलेक्टर ने सीएमओ छतरपुर को निर्देशित किया कि पन्ना रोड स्थित पुलियों के निर्माण में पाइप लाइन की शिफ्टिंग जल्द कराएं। देरी करने पर ठेकेदारों पर कार्यवाही करें। उन्होंने शहर के मॉल का पार्किंग एरिया को चेक करने के निर्देश देते हुए कहा बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के लिए किया जाए। सभी सीएमओं को मैरिज गार्डनों से टैक्स वसूलने और दुकानदारों के ट्रेड लायसेंस जारी करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता की मुहीम में आमजन को जोड़ें, रास्तें में जो सामग्री पड़ी हो उसे जब्त करें।

सागर, मंगलवार 12 दिसम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भाजपा की उलझन

भारत के संसदीय इतिहास में शायद पहली मर्तबा हो रहा है जब किसी राजनैतिक दल को विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिला हो और वह हफ्ते भर से अपना मुख्यमंत्री तलाश रही हो। जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीज़े 3 दिसम्बर को निकले उनमें से तेलंगाना में कांग्रेस के रेवंत रेड्डी और मिजोरम में जोराम पीपुल्स मूवमेंट के लालदुहोमा ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण कर कामकाज भी प्रारम्भ कर दिया है, ले-देकर छत्तीसगढ़ के मुखिया के रूप में विष्णुदेव साय का चयन कर उसकी तलाश एक राज्य में रविवार को समाप्त हुई। और सोमवार को मध्यप्रदेश में मोहन यादव के नाम पर मुहर लग पाई है। परन्तु भारतीय जनता पार्टी अब भी राजस्थान के मुख्यमंत्री का निर्धारण नहीं कर पाई है। यह अनुशासित पार्टी कही जाने वाली भाजपा के लिये आश्चर्यजनक है। उसके इतिहास व सांगठनिक स्वरूप को देखें तो यह एक हद तक सही भी लगता है लेकिन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसे मुख्यमंत्री बनाने में जिस एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा है, उससे यह मिथक भी टूट रहा है।

यह संकट पूर्वानुमानित था। जब तीनों ही राज्यों में कई सांसदों और केन्द्रीय नेताओं को विधानसभा के चुनावी मैदान में उतारा गया, तभी आभास हो गया था कि इन राज्यों में भाजपा जीते या हारे, उसे इस तरह के संकट से गुजरना होगा। चूंकि उस समय इन तीनों ही राज्यों में भाजपा की पराजय का अंदेशा था, इसलिये सम्भवत: भाजपा नेतृत्व ने मामले की गम्भीरता का अंदाजा नहीं लगाया होगा। अप्रत्याशित रूप से इन राज्यों में उसे जो जीत मिली है, उसके बाद उसके समक्ष समस्या आन खड़ी हुई है- कौन बनेगा मुख्यमंत्री? छत्तीसगढ़ एक आत्मसंतोषी राज्य है जहां लोगों की महत्वाकांक्षाएं वैसी प्रबल नहीं है। साथ ही, यहां केन्द्र के मंत्री या सांसद विधायकी का चुनाव लड़ने के लिये उतारे गये, उनमें कोई भी ऐसा बड़ा चेहरा नहीं हैं जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर वैसी बड़ी पहचान हो। यहां के सबसे बड़े चेहरे के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की ही शिनाख्त होती है लेकिन वे भी अपनी विनम्रता और सौम्यता के लिये जाने जाते हैं। उनके बारे में पहले से ही अनुमानित था कि अगर उन्हें यह पद नहीं मिलता तो भी वे संगठन के खिलाफ न तो अपना रोष व्यक्त करेंगे या कोई बड़ा कदम उठाएंगे। यह उन्होंने साबित भी किया। साय को मुख्यमंत्री बनाकर उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाने का तय हुआ तो उन्होंने इस प्रस्ताव को सिर झुकाकर स्वीकार कर लिया।

रही बात राजस्थान व मध्यप्रदेश की, तो दोनों ही राज्यों में भाजपा के समक्ष जटिल परिस्थिति है। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री और वहां भाजपा की सबसे प्रभावशाली नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया हैं जिनका बड़ा सम्मान है पर यहां शीर्ष कमान की पसंद के चेहरे अन्य लोग हैं, मसलन बाबा बालकनाथ, गजेन्द्र सिंह शेखावत, किरोड़ीमल मीणा, दीया कुमारी, अश्विनी वैष्णव, अर्जुन मेघवाल आदि। छत्तीसगढ़ के रमन सिंह की ही तरह वसुंधरा की भी यहां चुनाव प्रचार के दौरान घोर उपेक्षा हुई थी। उनके समर्थक वह दृश्य नहीं भूल सकते जब राज्य भाजपा का घोषणापत्र भरे मंच पर उनके हाथ से छीन लिया गया था। उसके बाद उन्हें पकड़ाये गये घोषणापत्र को महारानी साहिबा ने हाथ तक नहीं लगाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, किसी ने भी चुनावी प्रचार सभाओं में उनके कामों का ज़िक्र नहीं किया। यहां तक कि कई सभाओं में वे गैर मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर जाहिर कर दिया है कि वे यह पद छोड़ेंगी नहीं। उनके साथ 60 से अधिक विधायकों के मजबूती के साथ खड़े बतलाये जाते हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह ने इन विधायकों की बाड़ेबंदी कर रखी है। भाजपा नेतृत्व को इस बात की भी आशंका है कि वे निवर्तमान कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ हाथ मिलाकर सरकार तक बना सकती हैं। 199 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 69 विधायक हैं। राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का असमंजस ऐसा विकट है कि रविवार को दिल्ली से आने वाले पर्यवेक्षकों ने अपनी जयपुर यात्रा भी रद्द कर दी।

कुछ ऐसी ही स्थिति मध्यप्रदेश में भी रही। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी चुनाव प्रचार के दौरान पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया था। उनके कामों का उल्लेख तो दूर, उनका नाम भी मोदी-शाह द्वारा नहीं लिया जाता था। उनके धुर विरोधी भी मानते हैं कि चौहान यहां अपने दम पर कांग्रेस के जबड़े से जीत निकाल लाए हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि शिवराज सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आगे राज्य की राजनीति कैसे मोड़ लेगी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल केन्द्रीय कृषि मंत्री रहे नरेन्द्र तोमर को भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष बना दिया है और जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इसका अर्थ यही है कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय जैसे कई दिग्गज हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, अब उन्हें किसी न किसी तरह आलाकमान को संभालना होगा।


छत्तीसगढ़ में अलबत्ता नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं, मध्यप्रदेश में भी जल्द ही मोहन यादव की सरकार बन जाएगी, लेकिन राजस्थान में ऊंट किस करवट बैठेगा, यह इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तय नहीं हो सका है।

# यह तो जातिवाद का विरोध नहीं, हिमायत है!

मेरे लिए देश की चार सबसे बड़ी जातियां हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब हैं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं युवा, मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं, महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति हैं किसान।' और 'इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। अगर चार का हो जाएगा तो इसका मतलब सब का हो जाएगा।' प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने से ऐन पहले, विकसित भारत संकल्प यात्रा के सिलसिले में 'लाभार्थियों' से अपने बहुप्रचारित संवाद के क्रम में, जातियों की अपनी यह नयी, परिभाषा और पहचान पेश की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि जब प्रधानमंत्री बार-बार 'सबसे बड़ी जाति', 'सबसे बड़ी जाति' कहते हैं, तो वह एक प्रकार से यही दावा कर रहे होते हैं कि उनकी नजर में अगर कोई वास्तविक जातियां हैं तो यही चार हैं और बाकी जिन्हें जातियों के रूप में सब अब तक मानते आए हैं, वे अगर मिथ्या नहीं भी हों तो भी, इस 'बड़ी' सच्चाई के सामने, कमतर सच्चाइयां जरूर हैं। इस तरह, नयी जातियां गढ़कर, जातियों की पारंपरिक पहचान के सामने खड़ी करने और इसके जरिए, जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की यह कसरत, प्रधानमंत्री ने उसके बाद से इस तरह बार-बार दोहराई है कि इसके वास्तविक अर्थ पर गौर करना जरूरी हो जाता है।

वास्तव में इस सिलसिले की शुरूआत तो हाल के विधानसभाई चुनावों के और खासतौर पर तीन हिंदीभाषी राज्यों में चुनाव के प्रचार के दौरान ही हो गई थी। जब इन हिंदीभाषी राज्यों में भाजपा की मुख्य राजनीतिक/ चुनावी प्रतिद्वंद्वी की हैसियत से कांग्रेस ने जाति गणना का मुद्दा प्रमुखता से उठाना शुरू किया और उसकी सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में जाति-आधारित गणना कराने का ऐलान कर दिया और आम तौर पर इस पार्टी ने जाति गणना कराने का जोर-शोर से वादा करना शुरू कर दिया और बिहार में जाति सर्वे के नाम से जाति गणना के आंकड़े प्रकाशित किए जाने के साथ, जाति गणना का प्रश्न चुनावी रूप से भी महत्वपूर्ण हो जाने के आसार दिखाई देने लगे, इस मुद्दे के संभावित प्रभाव की काट करने के लिए प्रधानमंत्री ने, 'असली जाति' बनाम 'झूठी जाति' की उक्त जुमलेबाजी की शुरूआत की थी। यह दूसरी बात है कि इसके साथ ही घनघोर बौद्धिक मौकापरस्ती का परिचय देते हुए प्रधानमंत्री, इसकी दुहाई देने का भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे थे कि वह चूंकि एक 'गरीब ओबीसी' हैं, इसीलिए विपक्ष के हमलों के निशाने पर हैं! इसके साथ ही साथ, प्रधानमंत्री जाति गणना की मांग को बांटने वाली और वास्तव में इशारों में बहुसंख्यक हिंदुओं को बांटने वाली गणना बताने में भी लगे हुए थे।

यह दूसरी बात है कि इसके बावजूद, जाति गणना के सीधे विरोध में आने से बचते हुए, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेतागण, यह मनवाने में भी लगे हुए थे कि वे जाति गणना के खिलाफ नहीं थे, जिसका सबूत यह था कि जब नीतीश कुमार ने बिहार में जाति सर्वे कराने का निर्णय लिया था, गठबंधन में उनकी सहयोगी की हैसियत से, भाजपा की भी सहमति से ही उक्त निर्णय लिया गया था। यह दिखावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि आम तौर पर जाति गणना का विरोध करने के अलावा, मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर, शुरू में बिहार के जाति सर्वे को अवैध बताने की कोशिश की थी, हालांकि बाद में इसके संभावित राजनीतिक/ चुनावी परिणामों को भांपकर, केंद्र सरकार के हलफनामे के उक्त पैरा को 'गलती' कहकर वापस ले लिया गया था।



राजेंद्र शर्मा

> जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

बहरहाल, हाल के विधानसभाई चुनावों के नतीजे आने और खासतौर पर हिंदी पट्टी के तीन महत्वपूर्ण राज्यों—मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान—में भाजपा की प्रभावशाली जीत के बाद से, जाति-जनगणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट आए लगते हैं। इस चुनाव के समय, जब संघ-भाजपा इस मुद्दे पर एक हद तक अपना बचाव ही करते नजर आते थे, कई टिप्पणीकारों का यह कहना था कि इन चुनावों में भाजपा को अगर धक्का लगता है या जाति गणना की मांग असरदार साबित होती है, तो आम चुनाव से पहले ही भाजपा खुद जाति गणना की पैरोकार बन जाएगी। लेकिन, चूंकि इस चुनाव में जाति गणना की मांग खास असरदार साबित नहीं हुई है, संघ-भाजपा इस गणना के खुले विरोध के अपने मूल रुख पर लौट गए लगते हैं। प्रधानमंत्री की असली जाति बनाम झूठी जाति की जुमलेबाजी, इसी का इशारा करती है।

यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि जाति गणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा का और इसलिए मोदी सरकार का भी रुख, शुरू से ही विरोध का रहा था। यह रुख तब खुलकर सामने आ गया, जब पिछली यूपीए सरकार के आखिरी वर्षों में कराई गई सामाजिक-आर्थिक दर्जे की गणना के आंकड़ों का नीति-निर्धारण के लिए उपयोग करना तो दूर, मोदी सरकार ने इन आंकड़ों को ही 'गैर-भरोसेमंद' कहकर, सीधे-सीधे खारिज कर दिया। उल्टे मोदी के पहले कार्यकाल के शुरूआती सालों में ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने, संघ परिवार के मूल मनुवादी तथा इसलिए आरक्षणविरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए, आरक्षण की व्यवस्था के जारी रहने के औचित्य पर ही सवाल उठाते हुए, इसकी 'समीक्षा' का समय आ जाने का ऐलान कर दिया था।

लेकिन, उसके कुछ ही समय बाद हुए बिहार के विधानसभाई चुनाव में, भागवत के उक्त ऐलान के नुकसान को कम करने के लिए उन्हें जितनी तथा जैसी सफाइयां देनी पड़ी थीं, उससे संघ-भाजपा ने यह समझ लिया था, सीधे आरक्षण की व्यवस्था का विरोध करना राजनीतिक रूप से असह्य रूप से महंगा पड़ सकता है। उसके बाद से उन्होंने सीधे आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना या उस पर सवाल उठाना तो बंद कर दिया है, लेकिन कथित ऊंची जाति के गरीबों के 'सुदामा आरक्षण' जैसी व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के जरिए परोक्ष रूप से, ऐतिहासिक सामाजिक दमन की सच्चाई और उसके शमन के साधन के रूप में आरक्षण की व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशें फिर भी जारी रही हैं। जानी-पहचानी जाति विभाजन की सच्चाई के सामने, गरीबों या महिलाओं या युवाओं या किसानों की वंचितता को खड़ा करने की प्रधानमंत्री की जुमलेबाजी, उक्त कोशिशों की ही निरंतरता में है।

यह बात याद रखने वाली है कि प्रधानमंत्री जब जाति की जानी-पहचानी सच्चाई के सामने, 'बड़ी' या 'ऊंची' सच्चाई के रूप में किसानों या गरीबों या महिलाओं या युवाओं की चिंता को रखने की लफ्फाजी करते हैं, तो वह किसानों, गरीबों आदि की चिंताओं को रेखांकित करने की नहीं बल्कि जाति व्यवस्था की सब की जानी-पहचानी सच्चाई को ही नकारने की कोशिश कर रहे होते हैं। यह संघ-भाजपा के बुनियादी विचारधारात्मक रुख के ही अनुरूप है, जो मनुवाद पर या ब्राह्मणवाद पर आधारित है और इसलिए, भारतीय समाज में जाति व्यवस्था की सच्चाई को ही नकारने की कोशिश करता है; सीधे-सीधे इसका औचित्य सिद्ध करना मुश्किल जो है।

सभी जानते हैं कि जाति व्यवस्था का सार, ऊंच-नीच पर आधारित सामाजिक स्तर विभाजन में है। लेकिन, संस्कृति या परंपरा या धर्म के नाम पर, इसका औचित्य सिद्ध करना संभव नहीं हो और इस सच्चाई को नकारना भी संभव न हो, तो जाति व्यवस्था को ही जातिगत पहचानों के ऐसे गट्ठर में तब्दील करने की कोशिश की जाती है, जिसमें साथ रखी गई जाति इकाइयां आपस में ऊंच-नीच के किसी दमनकारी रिश्ते में बंधी ही नहीं होती हैं।

संघ-भाजपा ने, एक ओर एक दमनकारी व्यवस्था के रूप में जाति व्यवस्था की सच्चाई को नकारते हुए भी, इस दमनकारी रिश्ते से काटकर, जातिगत पहचानों को ही अपने साथ गोलबंद करने में खासी महारत हासिल कर ली है। जातिगत पहचानों के साथ इस तरह का रिश्ता, एक ओर अलग-अलग जाति-आधारित समूहों का समर्थन हासिल करना संभव बनाता है और दूसरी ओर, वंचित जाति समूहों के भी जाति-व्यवस्था के विरुद्ध आवेग को वैचारिक रूप से बधिया करने का काम करता है। यह जातिवाद का विरोध या उस पर हमला नहीं, जाति व्यवस्था का बचाव, उसकी हिमायत ही है। नरेंद्र मोदी की नयी 'सबसे बड़ी' जातियों की खोज, कथित नयी बड़ी जातियों को तो कुछ नहीं देगी, जाति व्यवस्था विरोधी आवेगों से, जिनमें जाति गणना, आनुपातिक आरक्षण की मांग आदि शामिल हैं, इस व्यवस्था को बचाने का ही काम करेगी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# कॉप 28 जलवायु परिवर्तन पर सैन्यीकरण के प्रभाव का संज्ञान लेने में विफल

**■ डॉ. अरुण मित्रा**

यह स्वागत योग्य है कि दुनिया भर से 80000 से अधिक प्रतिभागी जलवायु संकट को कम करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए दुबई में एकत्र हुए हैं, जिसे अगर रोका नहीं गया तो विनाशकारी होगा। यह घटना ऐसे समय में हो रही है जब महज 2600 किलोमीटर की दूरी पर गाजा में इजरायल द्वारा निर्दोष नागरिकों पर बमबारी के परिणामस्वरूप भयावह मानवीय संकट सामने आ रहा है। इससे 16000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं जिनमें से 70 फीसदी महिलाएं और बच्चे हैं और इसने बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है जिससे लोग बेघर हो गये हैं।

कोई भी सैन्य गतिविधि जलवायु संकट को बढ़ाती है। अब तक यह सर्वविदित है कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सैन्य गतिविधि का योगदान 5.5 फीसदी होने का अनुमान है। हाल के वर्षों में हमने दुनिया भर में सैन्य खर्च में पर्याप्त वृद्धि देखी है। फिलहाल यह पहले से कहीं ज्यादा है। 2022 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2240 बिलियन डॉलर हो गया, जिसमें से 82.9 बिलियन डॉलर अकेले परमाणु हथियारों पर खर्च किये गये।

> वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

सरकारों द्वारा सैन्य व्यय पर रिपोर्टिंग हमेशा एक गुप्त मामला होता है और 'सुरक्षा कारणों' से सैन्य संबंधी गतिविधियों की रिपोर्टिंग में कोई पारदर्शिता नहीं होती है। ग्लोबल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड कॉन्फ्लिक्ट और पर्यावरण वेधशाला के वैज्ञानिकों के डॉ. स्टुअर्ट पार्किंसन और लिन्से कॉटरेल ने एक अध्ययन 'सैन्य के वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का आकलन' में बताया है कि यदि दुनिया की सेनाएं एक देश होतीं, तो इस आंकड़े का मतलब होता कि उनके पास दुनिया में चौथा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कार्बन फुटप्रिंट- रूस से भी अधिक होता। शोधकर्ताओं ने पाया कि यूक्रेन युद्ध के पहले 12 महीनों में 1190 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन हुआ, जितना कि बेल्जियम ने इसी अवधि में उत्पादित किया था।

यह सैन्य उत्सर्जन को मजबूती से मापने और संबंधित कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए ठोस कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है- खासकर जब ये उत्सर्जन यूक्रेन में युद्ध और गाजा में इजरायली आक्रामकता के मद्देनजर बढ़ने की संभावना है।

इसलिए यह जरूरी है कि कॉप 28 में विचार-विमर्श के दौरान निरस्त्रीकरण को मुख्य स्थान दिया जाना चाहिए। पिछला कॉप 27 भी निरस्त्रीकरण पर कोई बयान जारी करने में विफल रहा था और ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार भी वैसा ही अंतिम परिणाम होगा। हालांकि इस बार इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) सहित कुछ संगठनों ने इस मुद्दे को उजागर करने का एक मुद्दा बनाया, अगर मुख्य मंच पर नहीं, तो कम से कम प्रतिभागियों के बीच।

यह अजीब बात है कि कॉप 28 में एक घोषणा को अपनाया गया जिसमें राष्ट्रों से स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने ग्रीन-हाउस गैस उत्सर्जन को तेजी से, स्थायी रूप से और पर्याप्त रूप से कम करने का आह्वान किया गया। ऐसा तब हुआ है जब सैन्य गतिविधि द्वारा कुल उत्सर्जन के 5.5 फीसदी की तुलना में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र द्वारा 4.4 फीसदी उत्सर्जन होता है। जबकि सैन्य गतिविधि मारने के लिए है, स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र जीवन को बनाये रखने के लिए है।

आईपीपीएनडब्ल्यू ने आगे चेतावनी दी है कि युद्ध जारी रहने से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा हो सकता है जो विनाशकारी होगा। इरा हेलफैंड पूर्व सह-अध्यक्ष इंटरनेशनल फिजिशियन फॉर द प्रिवेंशन ऑफ न्यूक्लियर वॉर (आईपीपीएनडब्ल्यू) और पर्यावरण विज्ञान विभाग, रटगर्स यूनिवर्सिटी, यूएसए के एलन रोबॉक द्वारा किये गये एक अध्ययन, 'क्षेत्रीय परमाणु युद्ध के जलवायु परिणाम' ने बताया है कि पृथ्वी पर मौजूद वर्तमान परमाणु हथियार जलवायु के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं और इस प्रकार सभी जीवन रूपों के लिए खतरा पैदा करते हैं। 100 हिरोशिमा आकार के परमाणु हथियारों का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु आदान-प्रदान दो अरब लोगों को खतरे में डाल देगा; प्रमुख परमाणु शक्तियों के बीच कोई भी परमाणु आदान-प्रदान हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत हो सकता है। विस्फोटों और परिणामी आग के कारण वातावरण में घुली कालिख और मलबा सूरज की रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने से रोक देगा, जिससे औसत सतह -1.25 डिग्री सेंटीग्रेड तक ठंडी हो जायेगी जो कई वर्षों तक बनी रहेगी। यहां तक कि 10 साल बाद भी, सतह का औसत तापमान -0.5 डिग्री सेंटीग्रेट के स्तर पर लगातार ठंडा रहेगा। इससे वैश्विक स्तर पर वर्षा में 10 फीसदी की कमी आयेगी और फसल बर्बाद हो जाएगी, जिससे भुखमरी और मौतें होंगी।

इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि कॉप 28 को परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन का आह्वान करना चाहिए और परमाणु हथियार रखने वाले देशों को परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बातचीत को बढ़ावा देना चाहिए।

जब ऊर्जा के गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर स्विच करने की बात होती है, तो कॉप 28 के भीतर एक लॉबी है जो परमाणु ऊर्जा के महत्व पर बोलती है। यह एक झूठी और खतरनाक कहानी है। परमाणु ऊर्जा जलवायु परिवर्तन का कोई समाधान नहीं है। इसके गंभीर स्वास्थ्य परिणाम होते हैं और परमाणु प्रसार का खतरा बढ़ जाता है। परमाणु ऊर्जा महंगी और अविश्वसनीय है, समग्र बिजली उत्पादन के सापेक्ष महत्व खो रही है, तथा लागत-प्रभावशीलता और उत्पादन के मामले में नवीकरणीय ऊर्जा से पीछे है और है इसलिए आउट डेटेड है। इसलिए यह आवश्यक है कि दुनिया नये परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण बंद कर दे, परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दे, और एक उचित नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ जाये।

हमें 1.5 डिग्री की सीमा के भीतर रहने के लिए 2030 तक उत्सर्जन में आधी कटौती करने की आवश्यकता है और इस तरह धरती की सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य सुनिश्चित करना होगा। माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के ग्लेशियरों पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव का वीडियो संदेश 'हमें अग्रिम पंक्ति के लोगों की सुरक्षा के लिए और वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लिए, जलवायु अराजकता की सबसे खराब स्थिति को रोकने के लिए अभी कार्य करना चाहिए' दुनिया भर के अरबों लोगों की आवाज को व्यक्त करता है। जो जाने-अनजाने में जलवायु संकट के परिणामस्वरूप प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसी बीमारी है जिसे केवल आप, वैश्विक नेता ही ठीक कर सकते हैं।' उन्होंने नेताओं से जीवाश्म ईंधन पर दुनिया की निर्भरता को खत्म करने और जलवायु न्याय के लिए लंबे समय से लंबित वादे को पूरा करने का आह्वान किया।

कॉप 28 के उद्घाटन दिवस पर प्रतिनिधियों ने दुनिया के सबसे कमजोर देशों को जलवायु आपदा के विनाशकारी प्रभावों से होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति करने के लिए एक कोष के संचालन हेतु एक समझौते पर सहमति व्यक्त की, जो एक हद तक स्वागत योग्य कदम है। हालांकि यह अंतिम समाधान नहीं है। इसकी त्रुटियों का विकसित देश तो लाभ उठा लेंगे, लेकिन विकासशील दुनिया अपने ही नागरिकों के लिए विकास की दौड़ में पीछे रह जायेंगे।

वैश्विक हथियारों की होड़ से स्वास्थ्य और जलवायु को ख़तरा है। निरस्त्रीकरण और विसैन्यीकरण से जलवायु शमन के वित्तपोषण में मदद मिल सकती है। सहयोग और मानव सुरक्षा राजनीति और निर्णय लेने के केंद्र में होनी चाहिए। कॉप 28 को कम से कम कॉप 29 के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक आयोग का गठन करना चाहिए।

## पावन प्रसंग

# कठिन समय का सामना कुछ ऐसे करें

यह जीवन ईश्वर का एक अद्भुत उपहार है। जो परिस्थितियों के जटिल चक्रव्यूह से होकर आगे बढ़ता रहता है जिसमें कभी खुशी तो कभी गम कभी हार तो कभी जीत, कभी उतार तो कभी चढ़ाव आते रहते हैं। घटनाक्रमों के इन सिलसिलों के बीच कठिन एवं विकट पल भी आते हैं जब जीवन दूभर हो जाता है। यदि व्यक्ति ऐसे समय में नहीं संभला तो उसको टूटते-बिखरते देर नहीं लगती, लेकिन सही समझ व धैर्य के साथ इसका सामना किया जाए, तो यही विषय पल व्यक्ति के उत्कर्ष का माध्यम बन जाते हैं और जीवन के उच्चतम सत्य की ओर ले जाते हैं। जीवन के विकट पल हमारे लिए उत्थान व उत्कर्ष का अवसर बनें, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जिसमें सर्वप्रथम है परिस्थिति को स्वीकार करना। जो भी विवाद घटना या जीवन के कठिन पल हैं, उन्हें स्वीकार करें। इसे ईश्वर का दिया हुआ उपहार मानें या अपने कर्मों से जुड़ा गहन रहस्य समझें, जो जीवन की नई समझ देने के लिए आया है।

इस समझ व स्वीकृति के साथ ही संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार होता है। विकट परिस्थिति को अपनी नियति का एक हिस्सा मानते ही चुनौती के रूप में आभासित पल आगे बढ़ने के अवसर बन जाते हैं। इन कठिन पलों में अपनों का संग-साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपने परिवारजनों, मित्रों व शुभचिंतकों का संग इन पलों से उबरने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इनसे प्राप्त भावनात्मक सिंचन जीवन कली को मुरझाने नहीं देता। इनका सहारा टूटने-बिखरने के कगार पर खड़े अस्तित्व को संभाले रहता है, लेकिन दूसरों के सहारे ही जीवन की नैया पार होगी। ऐसी भी गलतफहमी नहीं पाली जा सकती है। जीवन का सामना अंतत: अपने दमखम पर ही करना होता है और दूसरों के साथ की अपनी सीमा रहती है। इसके लिए स्वयं को समय देना अभीष्ट हो जाता है। कठिन समय में जीवन के बिखरने व टूटने का खतरा रहता है ऐसे में अपने तन-मन व जीवनचर्या पर आवश्यक ध्यान रखें। उचित आहार-विहार, शारीरिक सक्रियता, विश्राम एवं नींद का सहारा लें। शरीर के साथ मन का श्रेष्ठ नियोजन करें। अपने कर्तव्य कर्मों में निमग्न रहें। ये सब अनावश्यक तनाव-अवसाद से बचाए रखते हैं। नियमित कागज पर अपने मनोभावों को लिखने का अभ्यास करें। इनके साथ मन का गुबार बाहर निकलता है तथा चित्त का बोझ हलका होता है और आप बेहतर अनुभव करते हैं। प्रकृति की गोद में कुछ समय अवश्य बिताएं, जो मन की शांति स्थिरता के लिए संजीवनी का काम करता है। साथ ही जीवव के अर्थ व उद्देश्य को तलाशें, जो व्यक्ति को जीवन की गहराइयों में प्रतिष्ठित करता है और एक सार्थकता की अनुभूति के साथ मनोबल व आत्मबल केअवदान दे जाता है। इसके लिए नियमित रूप से आत्मनिरीक्षण से लेकर आत्मसुधार एवं निर्माण का न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित करें। दैनिक क्रियाकलापों में अपनी रूचियों को स्थान दें। ये जीवन में एक नया रस व रंग घोलने का काम करते हैं। नित्य इनके लिए कुछ समय-अवश्य दें, ये जीवन में एक नई ताजगी व उल्लास भरने वाले उपक्रम साबित होंगे। इसके साथ स्वयं को सतत प्रेरित रखें। श्रेष्ठ पुस्तकों को पढ़ें व प्रेरक लोगों की संगत तलाशें। एक समय एक कदम उठाएं तथा जीवन की छोटी-छोटी विजय को हासिल करते चलें। ये जीवन के प्रति आशा व उत्साह से लबरेज रखने का माध्यम बनेंगे।

जीवन को अत्यधिक गंभीरता से न लें तथा स्वयं के प्रति उदारता का भाव रखें। साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव अपनाएं। ये सब जीवन को सरस-सुखद बनाए रखने में सहायक बनते हैं। साथ ही कठिन दौर में कुछ बातों को याद रखें। आप पहले भी ऐसी व इससे भी कठिन परिस्थितियों को पार कर चुके हैं और आप पुन: इससे बाहर निकल जाएंगे। इस समय आप कितना भी बदतर क्यों न अनुभव कर रहे हों, यह समय हमेशा ऐसा नहीं रहने वाला और विश्वास रखें कि आप वर्तमान समस्या से अधिक महान हैं, अधिक विराट एवं शक्तिशाली हैं। यह भी मानकर चलें कि मन की शांति पर डाका डालने वालों में सबसे बड़ा खलनायक काल्पनिक भय रहता है। भय के साथ कल्पित 90 प्रतिशत बातें कभी घटित नहीं होतीं। अत: मन की इस माया को समझें व कल्पित भय पर काबू पाने की कोशिश करें।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# आर्टिकल 370 को निरस्त करने के राष्ट्रपति के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया

संविधान अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पांच खंडपीठ ने वैध ठहराया। सुप्रीम कोर्ट संविधान के आधार पर फैसला देती है इसमें कोई गुंजाइश इसलिए नहीं होती है कि झूठ को सत्य साबित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ पर पूरे देश की नजर थी। न्यायमूर्ति ने फैसला सुनाते ही चार साल की ऊहापोह शान्त हो गई। कश्मीर में मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया गया। पूरे देश में खुशी पसरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रपति के सभी फैसला को न्यायसंगत मानते हुए मोहर लगा दी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधान है और यह सरकार की अंतरिम व्यवस्था थी और पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध के हालात में इसकी जरूरत आ पड़ी। भारत में विलय के बाद जम्मू-कश्मीर की कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं बची थी। न्यायमूर्ति ने केंद्र सरकार का बखान कर कहा कि केंद्र सरकार का काम करना संवैधानिक रूप से योग्य था। राष्ट्रपति को दिए अपने पावर को टेकओवर करने में कानूनी बाधा नहीं है। जब से सुप्रीम में याचिका दाखिल की गई है। तब से देश में कानाफूसी बढ़ गई थी। लोग तरह-तरह की बातें करते थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही सबसे पहले कश्मीर के लोगों में खुशी दिखाई दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा को सूचना दिए बिना केन्द्र का निर्णय सर्वोपरि मानते हुए सर्वोच्च अदालत ने जायज ठहराया। केंद्र की गरिमा बरकरार रखी गई। उपरोक्त फैसले से केंद्र की सर्वोच्चता स्थापित हुई है और लोगों का केंद्र पर भरोसा प्रगाढ़ हुआ है। अभी केंद द्वारा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की चर्चा है। चुनाव भी करवाये जा सकते हैं। संसद से पारित कानूनों को जम्मू-कश्मीर पर राष्ट्रपति के आदेश के बाद लागू किए गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण घटक है। केंद सरकार संविधान के दायरे में रह कर कोई भी फैसला लेती है इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस विषय पर स्पष्टीकरण करते हुए केंद्र के कार्य की सराहना की है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

देशबन्धु

# युवक की कुंए में फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

## मृतक छतरपुर के बेनीगंज मोहल्ले का रहने वाला, ससुराल पक्ष ने हत्या का लगाया आरोप



**नौगांव-छतरपुर, देशबन्धु।** थाना नौगांव के अंतरगत एनएच 39 मिलन ढाबा के पास विलहरी मौजे में स्थित एक कुंए में युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड एवं मोबाइल से उसकी पहचान वेनीगंज मोहल्ला छतरपुर निवासी सुजीत रैकवार पुत्र बद्री प्रसाद रैकवार उम्र 35 वर्ष के रूप में की गई। युवक की लाश कुंए में मिलने की खबर से आस-पास सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार मृतक सुजीत रैकवार की नौगांव में कैफेटेरिया के सामने पप्पू रैकवार के यहां ससुराल थी। उसकी पत्नी मंजू रैकवार मायके में थी। मृतक सुजीत रैकवार छतरपुर में शहजाद उर्फ सोनू स्टोप के यहां काम करता था। उसे आज जबलपुर शहजाद के साथ जाना था। लेकिन कुंए में लाश मिली। घटना की खबर पाकर पहुंचे शहजाद उर्फ सोनू ने बताया कि वह कल पत्नी को लेने की कहकर नौगांव आया था और आज सोमवार को सुबह जबलपुर जाना था लेकिन जब उसका फोन लगाया तो स्वीच ऑफ बता रहा था। वह अपने घर कम जाता था। वहीं मृतक के ससुराल पक्ष के पप्पू रैकवार और छोटू रैकवार ने हत्या की आशंका जताई है। उनका यह भी कहना है कि घटना वाली रात मृतक सुजीत रैकवार उनके घर नही आया है। जबकि घटना स्थल से उसके ससुराल की दूरी मात्र 1 किमी है।

**कुंआ में लाश होने का कैसे चला पता**

सोमवार की सुबह किसान संदीप यादव अपने खेत में सिंचाई करने के लिए पहुंचा और उसने कुंए में झांककर देखना चाहा की कितना पानी है तो उसे लाश टंगी दिखी। तत्काल उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीआई सतीश सिंह, सब इंस्पेक्टर राजकुमार यादव, एएसआई रामकुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और शव को कुंए से निकाला गया। घटना की सूचना देकर एफएसएल टीम को टीकमगढ से बुलाया गया। साथ ही फिंगरप्रिंट एक्पर्ट एवं डॉग स्कॉड को बुलाया गया। तथा पंचनामा तैयार कर दो डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया और अभी मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

### इनका कहना

*इस पूरे मामले की विवेचना सब इंस्पेक्टर राजकुमार यादव द्वारा की जा रही है। दो डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया है। जांच के लिए विसरा भेजा जा रहा है। एफएसएल टीम, फिंगरप्रिंट और डॉग स्कॉड द्वारा भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होते ही खुलासा किया जाएगा।*

***सतीश सिंह टीआई नौगांव***

# हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग को बेहतर बनाने मिलेगी प्राथमिकता

**हैदराबाद, एजेंसी।** सड़क और भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना की नई कांग्रेस सरकार दो शहरों के बीच यात्रा के समय को कम करने के लिए हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग के चौड़ीकरण और सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर तेलंगाना सचिवालय में मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि सरकार यात्रा के समय को ढाई घंटे तक कम करने के लिए हैदराबाद-विजयवाड़ा से संबंधित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलेंगे और उनसे हैदराबाद-विजयवाड़ा को छह लेन राजमार्ग में चौड़ा करने की मंजूरी देने का अनुरोध करेंगे। वेंकट रेड्डी ने कहा कि वह लोकसभा सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा सौंपने और तेलंगाना में राजमार्ग परियोजनाओं के संबंध में गडकरी से मिलने के लिए सोमवार को नई दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से 14 राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नत करने का अनुरोध करेंगे। इनमें मल्लेपल्ली-नलगोंडा और रीजनल रोंग रोड (आरआरआर) साउथ-चौटुप्पल-अमंगल-शादनगर-संगारेड्डी शामिल हैं। वह राष्ट्रीय राजमार्ग 765 के हैदराबाद-कलवाकुर्थी खंड को चार लेन का बनाने की मांग भी उठाएंगे। वह केंद्र से तेलंगाना के लिए सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) का बजट बढ़ाने का भी अनुरोध करेंगे। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने 100 करोड़ रुपए की लागत से नलगोंडा जिले में नलगोंडा-मुशामपल्ली-धर्मपुरम सड़क को चार लेन बनाने की मंजूरी दी। विकाराबाद जिले में लिंगमपल्ली-दुदयाल सड़क को 4.15 करोड़ रुपये की लागत से मजबूत किया जाएगा। नाकरेकल-नागार्जुन सागर रोड के शेष कार्यों के हिस्से के रूप में, नलगोंडा शहर की सीमा का सुधार किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान राजमार्गों के विकास पर ध्यान नहीं दिया। मंत्री ने कहा कि निकटवर्ती सार्वजनिक उद्यान सहित विधानसभा परिसर के आसपास के क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधान परिषद सत्र आयोजित करने के लिए पुराने विधानसभा भवन, जो एक विरासत संरचना है, को बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई संरचनाएं बनाने के लिए कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) और अन्य दलों की पुरानी इमारतों को ध्वस्त कर दिया जाएगा और सार्वजनिक उद्यान से ललिता कला थोरनम तक सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। वह मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, विधान परिषद के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों के साथ अगले कुछ दिनों में क्षेत्र का दौरा करेंगे। वेंकट रेड्डी ने कहा कि अधिकारियों को अगले एक महीने में सभी राजमार्गों की मरम्मत करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार 100 दिनों में लोगों को दी गई सभी छह गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि टीएसआरटीसी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई महालक्ष्मी योजना को दुनिया भर की महिलाओं से सराहना मिल रही है।

बहादुर वीरों के प्रति पूरा देश नतमस्तक : शौर्य स्मारक में आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम को राज्यपाल ने किया संबोधित, कहा-

# सैनिक सेवानिवृत्ति के बाद समाज और युवाओं को संस्कारित करें



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विजय दिवस के बहादुर वीरों के प्रति पूरा देश नत मस्तक है। राष्ट्र आजीवन उन परिवारों का ऋणी है जिन्होंने अपने सपूतों को मातृभूमि के लिए कुर्बान कर दिया। अंतिम साँस तक लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले हर जवान को मैं नमन करता हूँ। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में आगे बढ़कर सहयोग का प्रदेशवासियों से आह्वान किया है।

श्री पटेल पूर्व सैनिकों के संगठन इंडियन वेटरंस आर्गनाइजेशन द्वारा शौर्य स्मारक में आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शौर्य स्मारक पर विजय दिवस वीर-शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन जोगिन्दर सिंह सेंगर उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि आज से 52 साल पहले 1971 के भारत-पाक युद्ध में माँ भारती के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के दाँत खट्टे करते हुए बांग्लादेश को आज़ाद कराया था। फ़ील्ड मार्शल जनरल मानेक शॉ के नेतृत्व में 90 हज़ार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी पूर्व नहीं होता वन्स अ सोल्जर, ऑलवेज़ अ सोल्जर। सेवानिवृत्ति के बाद सैनिकों की ज़िम्मेदारी समाज के प्रति और ज़्यादा बढ़ जाती है। पूर्व सैनिक अपने अनुभव, अनुशासन और राष्ट्र प्रेम की भावना से समाज और युवाओं को संस्कारित करने का कार्य करे। साथ ही समाज के सुरक्षा कवच की भूमिका निभाते हुए युवाओं में स्वदेशी और स्वावलंबन का विकास करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने सैनिकों, युद्ध में घायल, दिव्यांग सैनिकों सहित सैनिक विधवाओं और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए इंडियन वेटरंस आर्गनाइजेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और वंचित वर्गों की सहायता के कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जो समाज और राष्ट्र अपने शहीदों का सम्मान करता है, उनके सिद्धांतों और कार्यों से सीखता है, वह हमेशा समृद्धि की ओर बढ़ता है। श्री पटेल ने कहा कि समाज को सभी शहीद, उनके परिजन और सैनिकों का आदर करना चाहिए। उनकी हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में शहीद सैनिक पत्नियों, वीर नारियों का सम्मान किया। उन्होंने अलग-अलग राज्यों से आए संगठन के प्रतिनिधियों को ट्रॉफ़ी प्रदान की।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का कार्यक्रम के प्रारंभ में पुष्पगुच्छ और संगठन के प्रतीक लाल कैप से स्वागत किया गया। स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर के ग्रुप ने कृष्ण भक्ति और छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन जोगिंदर सिंह सेंगर ने स्वागत उद्‌बोधन दिया और आभार अनिल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ईकाई के अध्यक्ष कैप्टन आर.पी. सिंह, देशभर से आए दिव्यांग सैनिक, वीरनारियॉं, पूर्व और नियमित सैनिक और उनके परिजन उपस्थित थे।

# उप्र से चुनाव प्रचार शुरू करेंगे नीतीश



**लखनऊ, देशबन्धु।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले 24 दिसम्बर को रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा करेंगे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का हिस्सा है। बिहार के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के सचिव (संगठन) श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की पुष्टि की है। नीतीश कुमार की रैली के लिए स्थल को अंतिम रूप देने के लिए श्रवण कुमार ने कुछ स्थानीय नेताओं के साथ शनिवार को रोहनिया का दौरा किया।

रोहनिया जनसभा में पूर्वांचल क्षेत्र के पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, जो लोकसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की पहली रैली होगी। श्रवण कुमार ने कहा कि वाराणसी के अलावा, आजमगढ़, प्रतापगढ़, प्रयागराज, फूलपुर, अंबेडकर नगर और मिर्जापुर पर फोकस किया जाएगा। रोहनिया वाराणसी का पटेल बहुल विधानसभा क्षेत्र है। 2012 के बाद से हर विधानसभा चुनाव में इस समुदाय ने रोहनिया में निर्णायक भूमिका निभाई है। उस वर्ष अनुप्रिया पटेल ने संयुक्त अपना दल के उम्मीदवार के रूप में रोहनिया विधानसभा सीट जीती थी। वह वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री हैं। 2014 में मिर्ज़ापुर से सांसद चुने जाने के बाद अनुप्रिया की विधानसभा सीट खाली हो गई थी। 2014 में रोहनिया विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के महेंद्र सिंह पटेल ने सीट जीती थी।

2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सुरेंद्र नारायण सिंह निर्वाचित हुए थे। साल 2022 में बीजेपी की सहयोगी अपना दल (एस) के उम्मीदवार सुनील पटेल ने सीट जीती। जद (यू) नेता ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों के बाद, किसी भी पार्टी को अब यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि वह एकमात्र पार्टी है जो भाजपा को हराना चाहती है क्योंकि अन्य भी सक्षम हैं। नीतीश कुमार की यूपी में चुनाव से पहले रैलियों को तेवर के रूप में समझा जाएगा। यूपी में लोकसभा की 80 सीटें हैं और वह राज्य में अच्छे प्रदर्शन को लेकर काफी आश्वस्त दिख रहे है।

### जाति व धर्म भाजपा के एजेंडे में हैं

सत्तारूढ़ भाजपा पर कटाक्ष करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जाति और धर्म उनके एजेंडे में हैं जबकि हमारा एजेंडा भाईचारा और प्यार है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि (इंडिया गठबंधन) के कुछ नेताओं ने गलतियां कीं, जिसके कारण लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने में थोड़ी देरी हुई। अब हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आगे कोई गलती न हो। हम लोकसभा चुनाव के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करने जा रहे हैं।

# इंटरपोल की मदद से पकडा गया बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री को धमकाने वाला

### फालोअप

**छतरपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री को मेल के जरिये 10 लाख रूपये न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को छतरपुर पुलिस ने इंटरपोल पुलिस की मदद से बिहार से पकडने में कामयाबी पाई है। ये बात पुलिस अधीक्षक अमित सांधी ने इस मामले की तहकीकात की कडियों की जानकारी देते हुये बताई है। पुलिस अधीक्षक श्री सांधी ने बताया कि 25 साल के जिस आरोपी को बिहार के पटना से पकडा है उसे इंटरपोल पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर पकडने में कामयाबी मिली है। आरोपी ने 19 अप्रैल को धमकी भरा पहला ईमेल भेजा। इसके तुरंत बाद बमीठा थाना में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरु कर दी थी। इस मेल का कोई जवाब न मिलने पर आरोपी ने 20 अक्टूबर को दूसरा मेल भेजा था। इसके बाद उसे ट्रेस करने में आसानी हो गई। जांच में पता चला कि ये ईमेल भेजने के लिये जो प्लेटफार्म चुना था वह स्विटजरलैंड में था। इस कारण पुलिस ने इस मामले में सीबीआई के जरिये इंटरपोल से मदद मांगी। इंटरपोल ने आसानी से उसका पता लगाकर जो इनपुट दिये उससे छतरपुर पुलिस ने उसे पटना जाकर दबोच लिया। दरअसल आरोपी ने ईमेल आईडी बनाते समय जिस तरह से अल्टरनेट ईमेल का उपयोग किया उसके कारण आरोपी के बारे में सुराग मिला है।

पुलिस अधीक्षक अमित सांधी ने बताया छतरपुर जिले का ये ऐसा पहला आपराधिक मामला है जिसमें पुलिस ने सीबीआई और इंटरपोल की मदद से कामयाबी मिली है। पकडे गये आरोपी से पूछतांछ में पता चला कि उसको कंप्यूटर के बारे में पूरा ज्ञान है, उसने बडी आसानी से डार्कवेब का प्रयोग करके इस वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया है। उसके मोबाइल को फारेन्सिक जांच के लिये भेजा है। जांच में फोन का डाटा रिट्रीव किया जायेगा जिससे कई और खास जानकारियां मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया लंबे समय तक पुलिस चुनाव में व्यस्त रही जिससे इस मामले का खुलासा जरा देर से हो पाया।

# घायल कुत्ते को फेंकने जा रहे थे ननि कर्मी, पशु प्रेमी ने रोका तो छोड़कर भागे

### कचरा वाहन से टकराकर घायल हुआ था

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में नगर निगम के कचरा वाहन की चपेट में आने से एक कुत्ता घायल हो गया। इसके बाद वाहन में बैठे कर्मचारी घायल कुत्ते को इलाज के लिए ले जाने के बजाय कलियासोत बांध में फेंकने पहुंचे थे। इसी बीच एक पशु प्रेमी वहां पहुंच गई और कर्मचारियों से पूछताछ की। इस पर निगम कर्मी उन्हें गुमराह करने लगे और थोड़ी ही देर में मौके से भाग खड़े हुए। इसके बाद पशु प्रेमी ने घायल कुत्ते को उपचार के लिए आसरा पशु गृह में भिजवाया।

पशु प्रेमी कविता भावनानी ने बताया कि उन्हें शनिवार को सूचना मिली थी कि नगर निगम कर्मी मोटर साइकिल से एक कुत्ते को कलियासोत बांध में फेंकने आए हैं, जबकि उक्त कुत्ता जिंदा है और तड़प रहा है। यह जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचीं और देखा तो कुत्ता बेहोशी की हालत में था। उन्होंने कर्मचारियों से पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि कलियासोत बांध के पास निगम का जहां काम चल रहा है, वहां यह कुत्ता पड़ा हुआ था। अधिकारियों ने उसे फेंकने के लिए बोला था। हम तो सिर्फ फेंकने आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि जब कुत्ता जिंदा है तो इसे पशु अस्पताल क्यों नहीं ले गए। इसे यहां फेंक दोगे तो ये मर जाएगा। इस पर कर्मचारी बोले कि वह कुत्ते को अस्पताल लेकर जाएंगे, इसके लिए रिक्शा लेने जा रहे हैं। इतना कहकर वह वहां से चले गए और वापस नहीं लौटे। इसके बाद हमने उक्त कुत्ते को आसरा गृह पहुंचा दिया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

मानवाधिकार दिवस पर बंदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकार पर हुआ विमर्श

# समाज और सरकार की चेतना से बंदियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा संभव : न्यायमूर्ति माहेश्वरी




**भोपाल, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा है कि समाज और सरकार की शुद्ध अंतकरणीय चेतना से बंदियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा हो सकती है और वे देश के सभी मानव जैसे ही विकास में भागीदार हो सकते है। उन्होंने शासन को सुझाव दिया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किसी एक जेल को आदर्श रूप देकर बंदियों को सेहतमंद बनाकर उनके सभी मौलिक अधिकारों को अमल में लाया जा सकता है। न्यायमूर्ति श्री माहेश्वरी रविवार को प्रशासन और प्रबंधकीय अकादमी में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर बंदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकार मानव अधिकार विषय पर सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

श्री माहेश्वरी ने महात्मा गांधी के विचारो को उद्धृत करते हुए कहा कि अपराधी भी मानव होता है और कुछ परिस्थितियां होती है जो समाज के उसी मानव को अपराधी बनाती है। उन्होंने कहा कि हमे एक सकारात्मक चेतना तंत्र विकसित करना होगा और उस पर अमल करके बंदियों को देश के विकास के लिए सहभागी मानव बनाना होगा। उन्होंने मध्यप्रदेश सहित अन्य जेल में वर्तमान की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बंदियों को सेहतमंद बनाने के लिए ठोस और सुनियोजित प्रयासों की जरूरत बताई। उन्होंने मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की इस पहल के लिए सराहना भी की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायमूर्ति सुजॉय पाल ने कहा कि दोषमुक्त या सजा पूरी कर चुके बंदी को समाज को अपनाने में भेद नहीं करना चाहिए। उन्होंने विध्वंस और सृजन को समझाते हुए लोगो से सभी मानवों को सामान्य रूप से अपनाने की अपील की। उन्होंने एक धार्मिक प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि कोई भी अपराधी नही सुधरेगा यह सही नहीं है। उन्होंने आयोग के इस सेमिनार को बंदियों के स्वास्थ और सुरक्षा अधिकार के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि आज के विमर्श से नई राह निकलेगी। उच्च न्यायालय ग्वालियर खण्डपीठ के न्यायमूर्ति संजीव एस कालगंवकर ने कहा कि जिला सत्र न्यायाधीश रहते हुए उन्होंने बंदियों के अधिकारो के हनन के कई गंभीर मामले देखे है और उन्हें ठीक भी करवाया है। उन्होंने कहा कि सुधार और नवाचार की हमेशा संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बंदियों को मानव मानकर उनके मूलभूत अधिकार उन्हे देना ही चाहिए।

सेमीनार की अध्यक्षता करते हुए मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में प्रदेश की जेलों में 9 सौ से अधिक बंदियों की मृत्यु में से अधिकतर तो सामान्य थी पर कुछ स्वास्थ्य सेवाओ की कमी, समय पर उपचार न मिलने, रोग की पहचान नहीं होने और कुछ अवसाद के कारण हुई है, जो गंभीर है। उन्होंने कहा कि आयोग ने बंदियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा करते हुए उनके परिवारों को 3 करोड़ से अधिक की राशि दिलवाई है, पर असल बात बंदियों को समय पर संविधान में प्रदत्त अधिकार के अंतर्गत उनकी स्वास्थ्य और सुरक्षा के अधिकार दिलवाना हैं।

अपर मुख्य सचिव गृह डा राजेश राजौरा ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की 132 जेलो में किए जा रहे सुधार कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सुधार गृह में कारागारो को बदलने और कैदियों के अधिकारो के लिए सरकार पहले से ज्यादा गंभीर है। उन्होंने कहा कि नवीन और आदर्श जेल बनाने के साथ ही आधुनिक सुविधा, पदो की पूर्ति, स्वास्थ्य परीक्षण, वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा, पढ़ाई, कौशल विकास सहित मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति पर सरकार का फोकस है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आज के सेमीनार से मिलने वाली अनुशंसाएँ भी लागू करने का प्रयास होगा।

कार्यक्रम में श्रीराम लेडी कालेज दिल्ली के पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ. वर्तिका नन्दा ने जेलो और वहां महिला, पुरुष और बाल अपराधियों की स्थिति पर शोधपरक अनेक दृष्टांत और कविताएं प्रस्तुत कर बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बंदियों के शारीरिक से ज्यादा मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने मीडिया संस्थान से भी आग्रह किया कि वे ऐसी खबर प्रकाशित न करे जिससे एक मामले के कारण सभी बंदियों के मानव अधिकार प्रभावित होते हो। बंदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकार मानव अधिकार पर केंद्रित आयोग की पुस्तिका का विमोचन किया गया।

प्रारंभ में आयोग के सदस्य राजीव टंडन ने स्वागत भाषण में विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए पुलिस,जेल और स्वास्थ्य विभागो से समन्वय पूर्ण क्रियान्वयन बंदियों के स्वास्थ्य अधिकार की रक्षा करने की अपील की। अंत में आभार आयोग में पदस्थ एडिशनल डीजीपी बीबी शर्मा ने व्यक्त किया। सेमीनार के द्वितीय तकनीकी सत्र में गंभीर विमर्श हुआ। इस सत्र की अनुशंसाएं शासन को प्रेषित की जायेंगी। सेमीनार में प्रदेश के अनेक न्यायाधीश, पूर्व न्यायाधीश,वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जेल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, अधिवक्ता, अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधि, विधि विशेषज्ञ, विधि विद्यार्थी सहित बंदियों के परिजन भी उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आर्यन सिंह राजपूत है जो कि त्रुटिवश मूल कागजों में कृष्णा सिंह राजपूत लिख गया है। आज से मुझे आर्यन सिंह राजपूत ग्राम राजपुर तहसील सिमरिया हीरापुर पन्ना म.प्र. के नाम से जाना जाये।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग सागर (म. प्र.)**

निविदा सूचना: 06 / सेतु/ सागर / 2023-24

सागर, दिनांक- 06.11.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (ई-ई.एम.डी) | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | टेंडर डाक्यूमेंट के अनुसार दस्तावेज जमा करने हेतु (ई-ई.एम.डी एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2023_PWDRB_318208_1 | सागर | सागर जिले के देवरी शहर में झुनक नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण, पहुँचमार्ग एवं सुरक्षा कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)। | रु 312.23 लाख | रु. 3,12,230/- | रु. 15,000/- | 12 माह वर्षाकाल छोड़कर | केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार | केवल ऑनलाईन जमा की जावेगी |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं जमा करने की अंतिम दिनांक 26.11.2023 शाम 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन किया जायेगा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, सागर ( म.प्र. )**

जी-21483/23

हार से बौखलाए पूर्व मंत्री के बयान को बताया बेतुका

# विधानसभा क्षेत्र में ट्रैक्टर चोरों के छोड़कर सबके चलेंगे: सिंह

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सुश्री उमा भारती के भतीजे एवं मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री रहे राहुल सिंह लोधी ने बयानों को बेतुका बताते हुए पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गोबिंद सिंह गौर ने क्षेत्रवासियों से बेखौफ रहने और अपने-अपने कारोबार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उनका परिवार है, यहां चोरों को छोड़कर सभी अपने ट्रेक्टर चला सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रेक्टर तो सभी के चलेंगे। श्री गौर ने कहा कि जिले की खरगापुर विधानसभा में भाजपा नेता हार से बौखलाए हुए है। चुनाव के बाद से ही यहां क्षेत्र में बयानबाजी का दौर जारी बना हुआ है। बीते दिनों खरगापुर सीट से चुनाव हारे पूर्व मंत्री राहुल लोधी ने अपने जन्म दिन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिए गए बयान पर कांग्रेस ने नाराजगी जाहिर की है। श्री लोधी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई है, इसलिए ट्रैक्टर और जेसीबी सिर्फ हमारे कार्यकर्ताओं के चलेंगे। अब कांग्रेस से चुनाव जीती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर के देवर गोविंद सिंह गौर का बयान सामने आया है। उन्होंने रविवार रात विधानसभा क्षेत्र में आभार यात्रा निकाली। इस दौरान बल्देवगढ़ में जनसभा में उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर और जेसीबी हम सबके चलेंगे, सिर्फ चोरों के नहीं चलेंगे।



### ओछी मानसिकता दिखा रहे हैं भाजपा नेता

चुनाव में मिली करारी हार को बीजेपी नेता बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। उनकी बौखलाहट स्पष्ट नजर आने लगी है। यह बात श्री गौर ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता धमकी भरे बयान देकर ओछी राजनीति कर रहे हैं। ऐसे बयानों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डरने की आवश्यकता नहीं है। श्री गौर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि आपके ऊपर कोई भी संकट आए तो आधी रात को फोन लगा देना। गौर परिवार के लोग आपकी सुरक्षा के लिए हर समय मौजूद रहेंगे। सभा में कांग्रेस नेता रविंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता हमेशा रण के लिए तैयार हैं। हमारे क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं को कोई नहीं रोक पाएगा। कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमने भाजपा को हरा दिया है, अब भाजपा नेताओं को थानों और पंचायतों की कमीशन खोरी भी बंद करना है। कांग्रेस नेता गोविंद सिंह गौर ने जनसभा में प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि आगे से निष्पक्ष होकर काम करें। अधिकारी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को जानबूझकर परेशान न करें। सबके साथ समानता का व्यवहार रखें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अगर परेशान करें, तो तत्काल हमें जानकारी उपलब्ध कराएं। हम हर समय आपकी मदद के लिए तैयार हैं।

नगर परिषद खरगापुर के जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही

# अपात्र हितग्राहियों के खाते में डाली एक-एक लाख रूपए की राशि




**टीकमगढ , देशबन्धु।** देश के पीएम की महत्वाकांक्षी योजना में नगर परिषद खरगापुर के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से किस कदर अनियमत्ताएं और फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने उजागर हो रहा है। जिसमें कलेक्टर अनुमोदन सूची में गरीब हितग्राहियों को पात्रता सूची में शामिल किया हो, लेकिन नगर परिषद के जिम्मेदार सीएमओ से लेकर उपयंत्री और एजिस कर्मचारी की साठगांठ के चलते अपात्र हितग्राहियों को एक-एक लाख रूपए खाते में डाले जा चुके है।

### केस क्रमांक-1

वित्तीय वर्ष 2021.2022 में डीपीआर 832 की सूची क्रमांक 210 पर श्रीराम चढ़ार पुत्र लल्लू राम चढ़ार वार्ड क्रमांक 7 निवासी खरगापुर का पीएम आवास में स्वीकृत हुआ। जिसमें पात्र हितग्राही के पिता का नाम हटाकर अपात्र हितग्राही श्रीराम चढ़ार पुत्र संतोष चढ़ार को प्रथम किस्त एक लाख रुपए की राशि खाते में डाली जा चुकी है।

### केस क्रमांक-2

वित्तीय वर्ष 2019-2020 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कलेक्टर अनुमोदन सूची 341 हितग्राहियों के नाम स्वीकृत हुए, जिसमें बशीर शाह पुत्र होशियार शाह वार्ड क्रमांक 2 में सूची क्रमांक 59 पर अपात्र है, जबकि इस नाम का व्यक्ति वार्ड में निवासी नहीं है, इसके वावजूद भी नगर परिषद के सीएमओ, उपयंत्री की साठगांठ के चलते एक लाख रुपए की राशि खाते में डाली जा चुकी है।

### इनका कहना

नगर परिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त अपात्र हितग्रहियों के खाते में राशि डाली जा चुकी है, तो इसमें जिम्मेदार सीएमओ और उपयंत्री के विरुद्ध वैधानिक करवाई की जाएगी।

**हिमांशु भट्ट**
संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन सागर

बेखौफ बाजारों में हो रही है खाद की कालाबाजारी

# किसानों ने कहा- प्रशासन नहीं लगाना चाहता है रोक, हो रहे परेशान



**पलेरा, देशबन्धु।** भारत गांव में बसता है...आज गांव ही परेशान है। गांव में रहने वाला किसान खेती के लिए खाद खरीदने के लिए मारा-मारा फिर रहा है। प्रशासन है कि सारे मामले पर चुप्पी साधे हुए है। खाद की कालाबाजारी धड़ल्ले से की जा रही है। मनमाने दामों पर बिक रही खाद के चलते किसानों की जेबों पर अच्छा खासा असर पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से खाद बिक्रेताओं की मनमानी पर अंकुश लगाए जाने पर जोर दिया है। बताया गया है कि स्थानीय नगर क्षेत्र में सरकारी दावों के बीच इस बार किसानों के लिए खेती काफी मंहगी साबित हो रही है। किसानों को इस बार चौतरफा मार सहनी पड़ रही है। खाद की कालाबाजारी से जुड़े दुकानदार व थोक विक्रेता मालामाल हो रहे हैं। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने से दुकानदार की मनमानी भी चरम पर है। खाद के अभाव में किसानों की फसल प्रभावित हो रही है। खासकर डीएपी और यूरिया की किल्लत का सामना किसानों को करना पड़ रहा है। किसान कन्हैया, रंजीत आदि ने बताया कि जब भी दुकान पर खाद लेने पहुंचते हैं, तो पहले खाद उपलब्ध नहीं होने की बात कही जाती है। बाद में ऊंची कीमत पर खाद मिलती है। किसानों ने बताया कि अगर खाद की किल्लत है, तो खाद बाजार में नहीं मिलना चाहिये। परंतु खाद तो मिल रही है। किसान ऊंचे दाम में खाद खरीद कर खेती कर रहे हैं। प्रशासन की मिलीभगत से सब खेल हो रहा है।

# केवीके के वैज्ञानिकों ने कराया टैरिस गार्डन का महत्व एवं उपयोगिता से अवगत

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** भारत के कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में सब्जी उत्पादन एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है। भूमि उपयोग, फसल विविधता, रोजगार के अवसर एवं पोषण सुरक्षा प्रदान करने सब्जी की अपनी एक अलग उपयोगिता है। सब्जियों से हमें खाद्य रेशा, खनिज, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन जैसे आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। वर्तमान शोध परिणामों से यह भी पुष्टि होती है कि सब्जियों में पाए जाने वाले कुछ विशेष प्रकार के यौगिक जैसे बीटा कैरोटीन, विटामिन सी, विटामिन ई तथा ग्लूकोसाइनोलेट इत्यादि हमें बीमारियों से लड़ने में सहायता करते हैं। अर्थात् सब्जियों को रक्षात्मक भोजन भी कहा जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के मार्गदर्शन में केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा गृह वाटिका के रूप में सब्जियाँ छत पर उगाई जा रही है, जिसे टैरिस गार्डन कहा जाता है। खरीफ एवं रबी मौसम में गृह वाटिका के रूप में खेत में उगाई गई सब्जियाँ वर्षा के कारण बहुत प्रभावित होती हैं। ऐसा भी नहीं कहा जा रहा है कि व्यक्ति खरीफ एवं रबी मौसम में गृह वाटिका घर के पास खाली जमीन में नहीं लगायें। जहाँ अच्छी जल निकास की समुचित व्यवस्था है, वहाँ गृह वाटिका सुचारू रूप से किया जा सकता है, परंतु जहाँ घर के आसपास भूमि एवं जल निकास की व्यवस्था नहीं है। वहाँ टैरिस गार्डन के रूप में परिवार के सदस्यों हेतु सब्जियाँ उगाई जा सकती हैं। साथ ही घर में सीमेंट की खाली पड़ी बोरियों में छत पर पपीता लगाकर परिवार में कुपोषण की बीमारी को दूर किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह, डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. एसके जाटव एवं जयपाल छिगारहा द्वारा विगत 5 वर्षों से टैरिस गार्डन एवं गृह वाटिका की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही इससे अनेकों लाभ हैं जैसे - परिवार को उच्चगुणवत्ता का पोषण, घरेलू खर्चों में बचत, सब्जियाँ कार्बनिक रूप में उपयोग, विशैले कीट नाशी रसायनों से मुक्त, घर के बुजुर्ग एवं सेवानिवृत्त व्यक्तियों की भागीदारी आदि प्रमुख है।



किशोरी परिजनों को बिना बताए हुई लापता

# पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी लापता हो गई। किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति पर संदेह जताया था, जिस पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लापता किशोरी की मां ने पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की गई, जिसके अनुसार 30 नवंबर की सुबह फरियादी महिला की 17 साल की नाबालिक किशोरी घर से बिना बताए कहीं चली गई, जिसे परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारियों में तलाश किया। किशोरी का आज तक कोई पता नहीं चला। फरियादी महिला को अंदेशा है कि उनकी नाबालिक किशोरी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कहीं भगा कर ले गया है, जिसकी रिपोर्ट उसने पुलिस थाने में की है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 के तहत अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### कमजोर असहाय, वृद्ध को ठंड से बचने के लिए बांटे 50 कंबल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन ने विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया। इस दौरान स्कूलों बच्चों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया गया है कि 10 दिसम्बर रविवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार शिक्षा आपके द्वार के तहत ग्राम सिधपुर में प्राथमिक पाठशाला में स्कूल के बच्चों को पेन, कापी, चाकलेट का वितरण किया गया। तत्पश्चात् ग्राम नन्ही टेहरी एवं सिधपुर में चयनित कमजोर असहाय, बृद्ध आदिवासियों को ठंड से बचने के लिए 50 कंबलों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष निगरानी महंत राम कृष्ण दास मामुलिया, प्रदेश सचिव निगरानी सतीश चंद्र खरे विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। अध्यक्षता रामबाबू साहू जिला अध्यक्ष ने की। सभी उपस्थित लोगों को मानवाधिकार के बारे में बताया कार्यक्रम मे महिला संरक्षण प्रमुख सुनीता-अशोक खरे के द्वारा छात्र अंबर का जन्म दिन मनाया गया। संगठन के पदाधिकारी व सदस्यगणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी मानवधिकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा बांध सुजारा डेम की विजिट की गई।

### नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आयुष पद्धति के प्रचार प्रसार एवं आमजनमानस में जागरूकता लाने के लिये प्रमुख सचिव तथा आयुक्त संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश शासन भोपाल के आदेशानुसार तथा कलेक्टर अवधेष शर्मा के निर्देशन में जिले में आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसीक्रम में सोमवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुर्वेद औषधालय कुंडेश्वर द्वारा ग्राम गणेशगगंज के शासकीय विद्यालय में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 56 स्कूल के छात्र- छात्राएं, शिक्षकों एवं समूह की महिलाओं आदि को आयुर्वेद औषधियां दी गयीं एवं शिविर में आयुष पद्धति के प्रति जागरूकता के बारे में जानकारी प्रदाय की गई। साथ ही बच्चों को योगाभ्यास कराया गया।

# ग्राम पंचायत बम्हौरी मड़िया के मतदान केन्द्र क्रमांक 145 में हुआ पुर्न मतदान

### निर्वाचन परिणाम की घोषणा 12 को



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार सोमवार को ग्राम पंचायत बम्हौरी मड़िया मतदान केन्द्र क्रमांक 145 शासकीय प्राथमिक शाला बम्होरी मड़िया में सरपंच पद के लिये कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण पुर्नमतदान कराया गया। साथ ही मतदान केन्द्र पर ही मतों की गणना की गई। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा 12 दिसम्बर को जायेगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा द्वारा म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशानुसार जनपद पंचायत टीकमगढ़ की ग्राम पंचायत बम्हौरी मड़िया मतदान केन्द्र क्रमांक-145 में पुर्नमतदान के लिये गोविन्द सिंह ठाकुर तहसीलदार टीकमगढ़ को रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) तथा नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) पदाभिहीत किया गया है।

जिले में नवाचार अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को ग्रामीण स्तर पर आयोजित की जाएगी जनसुनवाई

# संयुक्त कार्यालय के अब सुधरेंगे हालात, कलेक्टर ने दिखाई रूचि

टीकमगढ़, देशबन्धु। संयुक्त कार्यालय की गंदी दीवारें और खराब पड़े शौचालय लंबे समय से नाराजगी का कारण बने हुए हैं। मकड़ियों के जाल कई स्थानों एवं कार्यालयों में शोभा बढ़ा रहे हैं। यहां आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर अवधेश शर्मा ने संयुक्त कार्यालय भवन की बेहतरी के लिए कार्य किए जाने की बात कही है। कलेक्टर श्री शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक के दौरान संयुक्त कार्यालय की सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने हाई कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्णयों में दिए गए निर्देश पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा समय-सीमा में प्रकरणों को निराकृत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी के प्रकरणों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई के लिए रजिस्ट्रेशन की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में नवाचार अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को ग्रामीण स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों को ग्राम आवंटित किये गये हैं, मंगलवार 12 दिसंबर से ही इसकी शुरूआत की जाएगी। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की विस्तृत समीक्षा करते हुये बताया कि इसके अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मोबाइल वैन के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस संकल्प यात्रा के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर आने वाली कठिनाइयों को दूर करके हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा कर निर्देशित किया कि ऐसे मतदान केंद्र जिनमें कोई स्थान परिवर्तन और अन्य सुधार आवश्यक हो, उसको तत्काल सूचित करें और मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करायें। सभी अधिकारी जो जिले में पदस्थ हैं, वह जिले में ही अपना मतदाता पहचान पत्र बनवायें, लोकसभा चुनाव के लिये रुट चार्ट तैयार करें। उन्होंने भारत पर्व और 26 जनवरी की तैयारियों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि संस्कृतिक प्रस्तुतियां नेशनल थीम आधारित हों और चयन प्रतियोगिता के आधार पर हो। तत्पश्चात उन्होंने 17 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोकसेवा आयोग की परीक्षा तथा आगामी समय में होने वाली परीक्षाओं की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और सभी आवश्यक तैयारियों जिसमें पानी, शौचालय और बैठने की उत्तम व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के लक्ष्य/पूर्ति, बजट की उपलब्धता, संयुक्त कार्यालय भवन की सफाई व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, एसई एमपीईबी आरके त्रिपाठी, ईई पीएचई जितेन्द्र मिश्रा, आरईएस श्रीमती नम्रता पंद्रे, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक कुमार शर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय आरके पस्तोर, पीओ डूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्रमांक / सेंट्रल स्टोर/न.नि./2023/59 सागर दिनांक 11.12.2023

**अल्पकालिक ऑनलाईन निविदा सूचना**

नगर निगम सागर के अंतर्गत सेंट्रल स्टोर शाखा द्वारा संपूर्ण 01 वर्ष के लिये ठंड के मौसम में नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने हेतु जलाउ लकड़ी प्रदाय करने की दरें बुलाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है:

| ऑनलाइन टेण्डर क्रं. | समग्री का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|
| 2023_UAD_318977_1 | नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने हेतु जलाउ लकड़ी प्रदाय करने कार्य | 10,000/- | 2000/- |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 12.12.2023 समय 10.30 से दिनांक 18.12.2023 समय 17.30 तक सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट www.mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है। 2. निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर जाकर देखी जा सकतीहै। 3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन बेवसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम सागर**

मामला पन्ना अजयगढ़ रोड में ग्राम दहलान चौकी के पास का

# कार्रवाई करने पहुंचे खनिज अमले पर रेत माफिया ने किया हमला



## ट्रैक्टर-ट्राली अमला से छुड़ाकर ले गया माफिया

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में अब रेत माफिया इतने बेलगाम हो चुके हैं कि कार्यवाही करने पहुंचने वाले खनिज विभाग के अमले पर ही हमला करने लगे हैं। मामला पन्ना अजयगढ़ रोड में ग्राम दहलान चौकी के पास का है जहां 11 दिसंबर को डंफर एवं ट्रैक्टर ट्रॉली से रेत का अवैध परिवहन किये जाने की सूचना मिलने पर खनिज अधिकारी के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी राजकुमार गुप्ता तीन सैनिको शब्दीर, रूप सिंह यादव तथा राम खिलावन यादव के साथ दहलान चौकी पहुंचे जहां पर उन्होंने रेत से भरे डम्फर तथा ट्रैक्टर रोक लिये। उसी दौरान रेत की चोरी करने वाले आरोपी आ धमके तथा उन्होने सैनिक शब्बीर के साथ मारपीट की एवं ट्रैक्टर के रेत वहीं पर गिराकर ट्रैक्टर ट्राली छुडाकर ले गये। जिसकी रिपोर्ट सहायक खनिज अधिकारी राजकुमार गुप्ता की उपस्थिति मे सैनिक सब्बीर द्वारा सिविल लाईन चौकी में की गई है। आरोपी का नाम पिंटू रावत बताया जा रहा है। आगे देखना है पुलिस तथा प्रशासन द्वारा रेत माफियाओ के खिलाफ क्या कार्यवाही की जाती है। क्योंकि रेत के उक्त कारोबार में बडे-बडे माफिया शामिल है तथा यह कारोबार सरेआम वर्षो से पन्ना जिले में चल रहा है।

# वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, कपड़ा व्यवसाई की घटनास्थल पर ही मौत





दमोह देशबन्धु।.जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत हिन्नाई उमरी आशीर्वाद ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक जितेंद्र पिता बद्री असाटी शोभानगर दमोह जो की बाइक से कपड़ा बेचकर घर आ रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। शव को उठाकर शव ग्रह में सुरक्षित रखवाया गया हैं। पीएम परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 12 वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी बोरी के हरवंशपुरा ग्राम में बारह वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार मृतिका पृथ्वी सिंह पुत्र भरत सिंह गौड़ द्वारा घर के अंदर म्यारी में दुपट्टा बांधकर जीवन लीला समाप्त की है। बताया जाता है कि घर परिवार के लोग खाना खाने के बाद धूप में बैठे हुए थे। उसी दौरान लडकी ने घर के अंदर ही फांसी लगा ली। जिसकी सूचना परिजनो द्वारा पुलिस थाना शाहनगर को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर पंचनामा बनाया तथा शाहनगर स्वास्थ केन्द्र में पोस्ट मार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया गया।

# जागरूकता रथ से बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के संबंध में किया जायेगा जागरूक: मयंक



**दमोह देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दमोह एवं ममता एचआईएमसी द्वारा किशोर सशक्तिकरण बाल विवाह एवं बाल हिंसा रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत युएनसीआरसी स्वीकृति दिवस के उपलक्ष्य में 5 दिवसीय जागरूकता रथ कलेक्टर मयंक अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ अप्रित वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने समस्त सम्बंधित से कहा की जागरूकता रथ रूट के अनुसार जागरूकता रथ जिन-जिन क्षेत्रों में भ्रमण करेगा उसमें सहयोग प्रदान करें। इसके पूर्व समस्त विभाग प्रमुखों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजीव मिश्रा द्वारा जागरूकता रथ के बारे में बताते हुआ कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण के मुद्दे जिसमे बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षा वृत्ति, बच्चों के विरुद्ध होने वाली लैंगिक एवं शारीरिक हिंसा, लैंगिक भेदभाव, महिला हिंसा एवं बच्चों के अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा।

# पेयजल आपूर्ति योजना बंद, 10 दिनों में नहीं हो रही जलापूर्ति

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर में वैसे तो कहने के लिए करीब 23 करोड़ रुपए लागत की मुख्यमंत्री शहरी पेयजल आपूर्ति योजना सिर्फनाम के लिए कागजों पर चल रही है पहले घरों में हर तीसरे दिन पानी पहुंच रहा था पर विगत कुछ माह से सप्ताह में एक दिन पानी पहुंच जाए तो ठीक है बारिश के महीनों में पानी नही पहुंच रहा विगत सप्ताह से पानी सप्लाई बंद है लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है कुल मिलाकर देखा जाए तो सब भगवान भरोसे चल रहा है एक तरफशासन भले कहें कि हमने योजना से इतने घरों में पानी पहुंचाया पर हकीकत कुछ और है प्रतिदिन पानी घरों में पहुंचना चाहिए पर नही पहुंच रहा हर तीसरे दिन मिलें तो ठीक है पर कोई निश्चित ही नही अब आयेंगे तो इस योजना का क्या औचित्य रहा।

## सौंदर्यीकरण में लगी आधी लाईट बंद

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** विगत वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा स्टेशन से थाना तिराहे तक सड़क डिवाइडर आधे में नाली निर्माण कार्य कराया गया वही सौंदर्यीकरण के नाम पर पूरे डिवाइडर में लाईट लगाई गई पर सोचने वाली बात है कि जबसे लगी उसमें एक तरफकी आधी कई दिनों से बंद पड़ी है पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे आधी सड़क पर उजाला आधी में अंधेरा पसरा रहता है एक तरफजनप्रतिनिधियों द्वारा विकास की बात की जाती है।

# आईईसी वैन गांवों में योजनाओं को करेगी प्रचारित

**पन्ना, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं से लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से लाभान्वित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यात्रा में आईईसी वैन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचकर कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार होगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 तक प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलेगी। भारत सरकार द्वारा सभी जिलों को आईईसी वैन उपलब्ध कराई जाएगी। आईईसी वैन द्वारा सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आईईसी वैन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट इत्यादि से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। नगरीय क्षेत्र में प्रति 10 हजार जनसंख्या पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पिछड़ी, कम आय वाली और सघन शहरी बस्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बड़े नगरीय क्षेत्रों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक वैन प्रति सप्ताह कम से कम 14 कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रत्येक पंचायत में एक कार्यक्रम आयोजित होगा। आईईसी वैन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पहले संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। हितग्राहियों के आवेदन लिए जाएंगे। हितग्राहियों का चयन और आवेदनों के निराकरण संबंधी कार्यवाही भी की जाएगी। भारत सरकार और राज्य सरकार प्रमुख योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लक्षित लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिये प्रतिबद्ध है। स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण, एलपीजी कनेक्शन, आवास, स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ पेयजल सुविधा, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने का लक्ष्य योजना में निर्धारित किया गया है। राज्यों के सहयोग से भारत सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के लिये भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की है।

# बालिकाओं का सम्मान बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** मोमेंटम कंट्री एंड ग्लोबल लीडरशिप भारत यश परियोजना जिसका नेतृत्व जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय के सहयोगी और साझेदार जपाइगो और विहारा इनोवेशन नेटवर्क के साथ प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न महाविद्यालयों में क्रियान्वित एन्हांसिंग द वैल्यू ऑफगर्ल चाइल्ड विषय पर स्थानीय पी जी कॉलेज में भी छात्रों की उपस्थिति में दस मॉड्यूल में जारी रहा, जिसका उद्देश्य प्रतिगामी लिंग मानदंडों को संबोधित करना और बालिकाओं के अधिकारों का समर्थन करना है। इसका लक्ष्य हस्तक्षेप प्रक्रियाओं की प्रणाली बनाना है जिससे बालिकाओं के जीवन में भलाई सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम की मेंटर सहायक प्राध्यापक एन पी कुमार ने बताया कि सरकार की आंगनबाड़ी, मातृ वंदन और सरकार द्वारा पूरक आहार स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पोषण अभियान, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस से लाभ हुआ है। राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए गुणवतावपूर्ण शिक्षा तक सार्वभौमिक संभव हो रही है। सरकार ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो इत्यादि बहुत से सकारात्मक कदम उठाए हैं। इस मौके पर धीरज जॉनसन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के प्रयास से स्वरोजगार और स्वयं कार्य प्रारंभ हुए, महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा मिला है जिससे महिलाएं डिजिटल आर्थिक सेवाओं तक पहुंचने के साथ बाधाओं का सामना कर आगे बढ़ रही है साथ ही महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए महिला उद्यमिता मंच, स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू हुई जिससे बदलाव आया और उपयोगकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ। कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र चौधरी, डॉ अनिल जैन, डॉ सिकंदर दुलगच, डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, आर एस साकेत, आशाराम यादव, प्रदीप अहिरवार सहित छात्रों की उपस्थित रही।

# अखंड दीप जनशताब्दी के लिए हुई बैठक



**दमोह/हटा देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के निर्देशन में वर्ष 2026 में अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष में शक्ति कलश उपयात्रा के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शांतिकुंज प्रतिनिधि दिनेश देशमुख एवं अरुण पराड़कर उपस्थित थे। देशमुख ने कहा कि जो दीप 24 वर्ष तक प्रज्वलित रहता है वह स्वयं सिद्ध हो जाता है उपजोंन समन्वयक पंडित महेश बादल ने श्रद्धा संवर्धन यात्रा की आवश्यक तैयारी हेतु परिजनों को दिशा निर्देश दिए। पंडित दिनेश दुबे ने 57 पंचायत उपयात्रा की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ सी एल नेमा ने बताया कि उपयात्रा का उद्देश्य पंचायत स्तर पर साधनात्मक गतिविधियों एवं मिशन के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर डॉक्टर विजय सिंह राजपूत, हरि नारायण चौरसिया, अरुण पटेल के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एकल विद्यालय की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जेबी स्कूल ग्राउंड में हुई



**दमोह देशबन्धु।** एकल विद्यालय को ज्ञान शिक्षा मंदिर के नाम से जाना जाता है। एकल अभियान के तहत देशभर में आरोग्य योजना, ग्राम विकास, जागरण शिक्षा, संस्कार केंद्र और विद्यालय चलाए जा रहे हैं। एकल विद्यालय वनवासी और पिछड़े क्षेत्र की संपूर्ण विकास की योजना है। जहां आज भी सुदूरवर्ती इलाकों में शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, ऐसे क्षेत्रों में एकल विद्यालय संचालित कर बच्चों को दो घंटे की शिक्षा गांव के ही युवक और युवतियों के लिए एकल विद्यालय का आचार्य बनाकर उनके द्वारा दी जाती है। अब इस कड़ी में एकल अभियान ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। शिक्षा-संस्कार देने के साथ ही एकल अभियान अब वनवासी क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराशने का काम करेगा। इसी के चलते एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से अंचल सागर की जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता दमोह नगर में संपन्न की गई। जिसमें 10 संचो से आचार्य एवं बच्चे उपस्थित हुए इसमें 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर दौड, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, कुश्ती व योग कार्यक्रम संपन्न हुए। यह कार्यक्रम कैलाश शैलार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि मालती असाटी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमोह एवं संभाग से सुश्री मंजू उइके संभाग प्राथमिक प्रशिक्षण प्रमुख एवं अंचल दमोह प्रभारी। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता अंचल समिति जिसमें अंचल अध्यक्ष श्रीमान नरेंद्र जैन इंद्रश्री, सचिव रविकांत ठाकुर, कोषाध्यक्ष कन्हैया कार्रवाह की एवं अंचल प्राथमिक प्रशिक्षण प्रभारी मनोहर पथरोल की, महिला समिति से श्रीमती अदिति जैन एवं नगर से जिला कीड़ा अधिकारी विवेक दत्त शर्मा जी दमोह से पार्षद कपिल सोनी लखन कुमार गुप्ता (हनुमान गडी) खेल के निर्णायक अनिकेत राय नितेश ठाकुर, अरविंद ठाकुर, दीपक लुनिया, घनश्याम पटेल, सुरेश तिवारी व बच्चो की सराहनीय उपस्थिति रही।

# भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**दमोह देशबन्धु ।** भारतीय भाषा उत्सव का भव्य कार्यकम जन शिक्षण संस्थान दमोह द्वारा कार्यालय प्रेम नगर में मनाया गया। जिसमे काफी सख्या में महिलाओ ने हिस्सा लिया। जिसमे निर्देशक गिरीश तिवारी के द्वारा राष्ट्रीय तमिल कबि सुब्रमणय भारती का जीवन परिचय से सभी को अवगत कराया गया एवं महिलाओ को बहुभाषावाद को पहचानने और बढावा देने की अवश्यकता पर जोर देने को कहा संस्था द्वारा समापन के अवसर पर महिलाओ के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे विजेताओं को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से संजीव सुहाने, गोपाल दुबे, विशाल राजपूत, हर्ष, बवली गुप्ता आदि की उपस्थित रही।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा, कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**पन्ना, देशबन्धु।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार आगामी 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आईईसी वैन के माध्यम से निर्धारित रूट चार्ट अनुसार सभी क्षेत्रों में निर्धारित अवधि तक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। भारत सरकार द्वारा जिले के शहरी क्षेत्रों के लिए तीन बड़ी आईईसी वैन और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चार छोटी आईईसी वैन प्रदान की गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रत्येक आईईसी वैन प्रतिदिन न्यूनतम 2 पंचायत क्षेत्रों में भ्रमण करेगी एवं आईईसी वैन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के उपरांत शासन के निर्देशानुसार निर्धारित क्रम में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने सहित सभी अधिकारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से यात्रा के लिए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि सभी जनपद पंचायत सीईओ और जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी एवं सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को स्थानीय निकाय स्तरीय क्रियान्वयन समिति के निर्देशन में क्षेत्रांतर्गत रूट चार्ट बनाने व आवश्यक तैयारी कर संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने, तिथिवार प्रत्येक वाहन के लिए नोडल अधिकारी तथा प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने, यात्रा के व्यापक प्रचार-प्रसार सहित फोकस योजनाओं के स्टॉल लगवाने का जिम्मा सौंपा गया है। सभी जिला व खण्डस्तरीय विकास विभाग प्रमुख को वैन के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पहले संबंधित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा संकल्प यात्रा के तहत चिन्हित योजनाओं का प्रचार-प्रसार, हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर निराकरण करने की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिदिन सभी कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगवाकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त करने के लिए स्टॉल लगवाने, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें एवं मत्स्योद्योग को स्टॉल के माध्यम से क्रेडिट कार्ड बनवाने संबंधी आवेदन प्राप्त करने, उप संचालक कृषि को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, उर्वरक व बीज विक्रेताओं के स्टॉल लगवाने, कृषक हित संबंधी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा आवेदन प्राप्त करने, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को विभिन्न पेंशन योजनाओं के आवेदन प्राप्त करने तथा योजनाओं के प्रचार प्रसार स्टॉल लगवाने, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक को स्वसहायता समूहों के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यक्रम और शासन द्वारा समूहों को देय लाभ का प्रचार प्रसार कर जानकारी उपलब्ध करवाने, लीड बैंक मैनेजर को कृषकों और आमजन को बैंक से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा जनसेवा केन्द्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा एकलव्य स्कूल की जानकारी के प्रदर्शन, जिला ई गवर्नेन्स मैनेजर को हितग्राहियो के आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन के लिए शिविर स्थल पर स्टॉल लगवाने तथा जिला सूचना अधिकारी एवं जिला लोक सेवा प्रबंधक को यात्रा की प्रगति के लिए विकसित आईटी पोर्टल तथा एप के लिए जिला नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर यात्रा से संबंधित दैनिक प्रगति, फोटो, वीडियो अपलोड करने संबंधी प्रशिक्षण आयोजित कराने तथा पोर्टल पर यात्रा का रूट चार्ट एवं तिथिवार कार्यक्रम अपलोड करने का जिम्मा सौंपा गया है। समिति का गठन जिला कलेक्टर द्वारा यात्रा के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन भी किया गया है। समिति में कलेक्टर अध्यक्ष और जिला पंचायत सीईओ सदस्य सचिव होंगे, जबकि विभिन्न विकास विभागों के अधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह नगरीय निकाय क्रियान्वयन समिति भी गठित की गई है। समिति द्वारा आईईसी वैन का तिथिवार रूट चार्ट व कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाएगा तथा कार्यक्रम की मॉनिटरिंग, प्रचार प्रसार, समन्वय, रिपोर्टिंग इत्यादि का कार्य भी समिति द्वारा संपादित किया जाएगा।






67 वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

# शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी अपना करियर बनाकर आगे बढ़े : चन्द्रशेखर शुक्ला

**सागर, देशबन्धु।** 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं निगमायुक्त चन्द्रशेखर शुक्ला ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी अपना करियर बनाकर आगे बढ़े एवं खेल के माध्यम से आज देश का नाम पूरे विश्व में सुशोभित हो रहा है, आज खेल के माध्यम से हमारे देश की पहचान बन गई है। सभी खिलाड़ी शिक्षा के साथ-साथ खेल के माध्यम से अपना करियर बनाकर आगे बढे और अपना लक्ष्य पूरा करें। जो खिलाड़ी मैदान में खेलता है उसमें संघर्ष करने की क्षमता होती है और वह अपने संघर्ष से ही अपने खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है आप सभी खूब खेलें और अपने राज्य, अपने देश का नाम रोशन करें। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा कि सपने कभी भी बंद आंखों से नहीं देखना चाहिए सपने हमेशा खुली आंखों से देखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। प्रतियोगियों की एक गलती उनको हार दिलाता है किंतु वही गलती जब सुधरता है तो न केवल प्रतियोगी जीतता है बल्कि प्रतियोगिता पर अपना कब्जा कर लेता है। आज जो बच्चे हमारे सागर में आए हैं उनका जिला प्रशासन की ओर से मैं स्वागत करती हूं और आप सभी खूब खेलें आगे बढ़े यही मेरी शुभकामनाएं हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा प्रतियोगिता के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं स्वागत भाषण के माध्यम से संबोधन दिया। प्रतियोगिता का रंगा रंग शुभारंभ अवसर के पर सीएम राइज महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय क्र. 1 एवं आर्मी स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर रविंद्र खटोल द्वारा मार्च पास्ट का नेतृत्व किया गया एवं कार्यक्रम की शुभारंभ के अवसर पर सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। 67 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 संभागों की 1400 से अधिक प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं जो की 15 तारीख तक अपने खेल का प्रदर्शन कर अपने-अपने राज्यों के लिए पदक जीतेंगे। कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी, अभय श्रीवास्तव, आनंद गुप्ता, सुधीर तिवारी, अंजना पाठक, सविता मिश्रा, प्राचार्य एवं शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रचना तिवारी ने किया आभार अनीता कुमार ने माना।

## नामांतरण प्रकरण निराकरण शिविर आज निगम सभाकक्ष में

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा नामांतरण प्रकरण निराकरण शिविर का आयोजन आज दोपहर 1 बजे से नगर निगम सभाकक्ष में महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, राजस्व समिति सभापति विनोद तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा जिसमें लगभग 240 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण कर नागरिकों को स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे।

## नगर निगम भवन का निरीक्षण कर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने पार्षदों के साथ खेल परिसर के सामने नवनिर्मित नगर निगम भवन का निरीक्षण किया तथा संबंधित इंजीनियर एवं अधिकारियों से भवन निर्माण के सबंध में जानकारी ली तथा कार्य को तीव्रगति से समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य पार्षद धर्मेंद्र खटीक, पार्षद भरत अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि नरेश धानक, पार्षद प्रतिनिधि अमन चौरसिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रभारी कलेक्टर ने ली समय सीमा बैठक



### सभी विभाग 31 दिसंबर के पहले करें लंबित प्रकरणों का निराकरण

**सागर, देशबन्धु।** प्रभारी कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने कलेक्टर सभा कक्ष में समय सीमा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नए साल की शुरुआत के पहले अर्थात 31 दिसंबर के पहले समय सीमा से संबंधित सभी प्रकरणों और शिकायतों का निराकरण कर लें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग ऐसी शिकायतों का चयन कर लें जो मांग आधारित हों या जिनमें बजट प्राप्त न हुआ हो या संबंधित व्यक्ति के अपात्र होने के कारण प्रकरण लंबित हो, ऐसी सभी शिकायतें पहले डिस्पोज करें। इस प्रकार विभागों की ग्रेडिंग भी सुधरेगी और कार्रवाई योग्य शिकायतें चिन्हित भी की जा सकेंगी। सभी शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने चुनाव संबंधी समस्त कार्यों का सफलता पूर्वक संपादन किया है। अब हमारी प्राथमिकता हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का यथा समय लाभ पहुंचाना है एवं विभिन्न योजनाओं में लंबित पड़े प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों पर परीक्षण उपरांत आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त एसडीएम एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शिव महापुराण कथा करेंगे चिन्मयानंद बापू, 15 से 21 दिसंबर तक होगी कथा



**सागर, देशबन्धु।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में सागर के पीटीसी ग्राउंड में चिन्मयानंद बापू की शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा 15 से 21 दिसंबर तक चलेगी। सागर में पहली बार चिन्मयानंद बापू शिव महापुराण कथा करेंगे। शिव महापुराण कथा का वाचन संत चिन्मयानंद बापू दोपहर 1 बजे से शाम 4.30 बजे तक चलेगी। प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि कथा से पहले 14 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा म्युनिसिपल स्कूल से शुरू होकर वन-वे, परकोटा, तीन मंढिया होते हुए कार्यक्रम स्थल पीटीसी ग्राउंड पहुंचेंगी। उन्होंने ने बताया कि पूर्व में भी कई बार चिन्मयानंद बापू सागर में कथा कर चुके हैं। लेकिन इस बार वे पहली बार शिव महापुराण कथा सागर में करेंगे। वहीं उनकी यह 11 वीं शिव महापुराण कथा होगी। कथा को लेकर पीटीसी ग्राउंड में तैयारी की जा रही हैं। भक्तों के बैठने की उचित व्यवस्था की जा रही हैं। वहीं पार्किंग व्यवस्था भी रहेगी। इस दौरान कथा के मुख्य यजमान अनिल तिवारी, शिवशंकर मिश्रा, अशोक उपाध्याय, तरुण बडोनिया, प्रियेश उपाध्याय, गोलू रिछारिया, अमित दुबे, अजय दुबे, भूपेंद्र सिंह बहेरिया, कमल तिवारी आदि मौजूद थे।

## घर के बाहर रखी बाइक ले उड़े चोर, दुकानों के ताले टूटे




**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में चोरी की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया हैं, दो दिन में तीन चार चोरी की अलग-अलग घटनाएं सामने आई है दो दुकानें के ताले टूटे और घर के बाहर खड़ी बाइक को चोर चुरा ले गए। दो रातों में हुई इन घटनाओ से नगर सनसनी फैल गई। नगर में पुलिस की रात्रि गश्त कार्यप्रणाली की कलई खुल गई। शनिवार रात्रि में शासकीय महाविद्यालय के गेट के स्थित परिहार ऑनलाइन शॉप की दुकान से प्रिंटर सहित नगदी रुपये उड़ा ले गए। रविवार सोमवार की दरम्यानी रात्रि में नगर पंचायत अध्यक्ष के घर बाजू से रामा चौबे के मकान के बाहर खड़ी बाइक का हैंडल लॉक तोड़कर पल्सर गाड़ी चोर उड़ा ले गए। वही पुरानी कृषि उपज मंडी स्थित कीटनाशक दवाई दुकान का ताला तोड़कर दवाई चुरा ले गए। चोरी की घटना क्रम पीड़ितों द्वारा पुलिस थाना में सूचना दी है।

## शास. मॉडल उच्च. माध्य. विद्यालय के छात्रों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण



**सागर, देशबन्धु।** 11 वहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी से सागर जिले में स्थित विभिन्न इकाइयों का आपदा निरीक्षण करने के लिए सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत तहत टीम जिले के विभिन्न तहसीलों में जाकर तहसीलों में स्थित इकाइयों का निरीक्षण कर आपदा संबंधित उनकी तैयारी का निरीक्षण करना एवं उनके साथ मीटिंग करना ताकि भविष्य में होने वाले किसी प्रकार के आपदा से मिलजुल कर निपटा जा सके। आपदा जोखिम नियुनिकरण मुहीम के अंतर्गत आपदाओं से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार प्रशिक्षण प्रदान कर रही है साथ ही शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का भी आयोजन कर रही है। उसी कड़ी में सोमवार को शास. मॉडल उच्च. माध्य. विद्यालय बंडा में 11 बटालियन एनडीआरफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में एवं इंस्पेक्टर जीडी बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एनडीआरएफटीम द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशमन और आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस राफ्ट बनाना, सड़क सुरक्षा आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर शास. मॉडल उच्च. माध्य. विद्यालय बंडा के प्रधानाचार्य बीठी गोड़ ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है और आपदा प्रबन्धन में सक्षम बनाने का सफल प्रयास है। इस कार्यक्रम से शिक्षण संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं, अध्यापक व स्कूल के अन्य कर्मचारी भी लाभान्वित होंगे और आपदा के समय अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पायेंगे।

## परिचय सम्मेलन की तैयारियो को लेकर बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** 28 जनवरी को आयोजित होने वाले कुशवाहा समाज के विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रामजानकी मंदिर राजीव नगर वार्ड में कुशवाहा समाज की समस्त समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के आराध्य कुश भगवान ने की। कार्यक्रम की सफलता हेतु सामाजिक पदाधिकारीओ ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, राम जानकी मंदिर कुशवाहा समाज समिति, कुशवाहा समाज संगठन सागर, कुशवाहा क्षत्रिय समाज समिति एवं गणेश मंदिर ललई टोरी समिति के पदाधिकारियो सहित प्रभुदयाल पटेल, एड. अर्जुन पटेल, वीरेंद्र पटेल, मोहन पटेल, राजकुमार पटेल, श्यामलाल पटेल आदि शामिल हुए।

## फ्लोरी मशीन से सी बीसी मीटर, प्रिंटर एवं वाटर पंप चोरी करने वाले उत्तर प्रदेश के शातिर गिरोह का खुलासा



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को संपत्ति संबंधी अपराधो के निकाल एवं मशरूका बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उइके के मार्गदर्शन एएसडीओपी खुरई के नेत्रत्व में मालथौन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संपति संबंधी अपराधो के निकाल हेतु गंभीरता से प्रयास करने के परिणाम स्वरूप सोमवार को मालथौन पुलिस को चोरी के अपराधियों को चोरी के मशरुका सहित गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी जिसमें प्रार्थी सुभाष कुमार जैन निवासी रामपुरा सागर द्वारा 23 अगस्त 23 को थाना मालथौन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमे दो फ्लोरी मशीने जो सरकारी अस्पताल के छात्रावास के पास मालथोन में खड़ी थी रात्रि में फ्लोरी मशीन में लगी सीबीसी मशीन एवं प्रिंटर कीमती करीब 3,70,000 रुपए की अज्ञात चोर चुरा कर ले गये रिपोर्ट पर थाना मालथोन में अपराध क्र. 303/23 धारा 379 ताहि का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना के तस्दीक पर संदेही अभिषेक राजपूत पता रामसेवक राजपूत निवासी ग्राम मानपुर, निशांत पिता पानसिंह राजपूत निवासी मानपुर, मंगल विजयराम राजपूत निवासी ग्राम हीरापुर थाना बबीना जिला झांसी, महेंद्र पिता भवानी सिंह यादव निवासी ग्राम पातरो थाना बानपुर जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश से पूछताछ किये जाने पर सभी आरोपियों द्वारा मिलकर डुप्लीकेट चाबी से फ्लोरी मशीन के केबिन खोलकर मशीन में लगी सीबीसी मशीन एवं प्रिंटर कीमती करीब 3,70,000 रुपए चोरी करना स्वीकार किया इसके साथ ही 6 दिसम्बर 23 को सरकारी अस्पताल के पास मालथोन से हुई चोरी में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 477/23 धारा 379 ताहि के प्रकरण में एक फ्लोरी मशीन से सीबीसी मशीन एवं प्रिंटर हुई चोरी तथा थाना खुरई शहर के अपराध क्रमांक 310/23 धारा 379 ताहि में चोरी करीब चार महीने पहले खुरई में साईं राम ढाबे के पास से एक फ्लोरी मशीन में लगी सी बी सी मशीन एवं प्रिंटर एवं वाटर पंप चोरी करना स्वीकार किया तथा आरोपियों के कब्जे से चोरी किया चार सेट सीबीसी मशीन एवं प्रिंटर कीमती करीब 07लाख 85 हजार रुपए तथा चोरी में इस्तेमाल किया आला जरब एक प्लस पाना आदि जप्त किया गया तथा आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगेन्द्र दांगी, विकास वेनल, राजेश सिंह, लछमन साकेत, जय सिंह जाट, स्वदेश परिहार, हर्ष यादव, जयसिंह कुर्मी की भूमिका रही।

## होमगार्ड सैनिक सभी के सुख-दुख के साथी होते हैं सेवानिवृत्ति एक शासकीय प्रक्रिया: शैलेंद्र सिंह



**सागर, देशबन्धु।** होमगार्ड सैनिक सभी के सुख-दुख एवं आपदा प्रबंधन में सहयोग करने के लिए 24 घंटे अपनी सेवा देते हैं, सेवानिवृत्ति एक शासकीय प्रक्रिया है। उक्त विचार सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में 17 वर्षों से सेवाए दे रहे होमगार्ड सैनिक बिहारी लाल सूर्यवंशी की सेवा निवृत्ति के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र सिंह ने कहा कि व्यक्ति शासकीय सेवा से अवश्य सेवा निर्मित होता है किंतु उसकी पहचान उसकी सेवाओं से ली जाती है उन्हीं में से एक हमारे बिहारी लाल सूर्यवंशी हैं, जिन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में 17 वर्षों तक अपनी सेवा देकर आज सेवा निर्मित हुए हैं उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा।

श्री सूर्यवंशी की दीर्घायु स्वस्थ रहने की कामना करते हुए कहा कि आप अपने परिवार एवं समाज के लिए अपना पूरा समय दीजिए और जब भी आवश्यकता होगी आपको अवश्य याद किया जाएगा।

## नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त अंकलेश सौर को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्ग दर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने 10 अगस्त 2022 को पुलिस थाना मोतीनगर में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि माह अप्रैल में गेहूँ काटने के लिये अपनी मां के साथ खेत गई थी वहीं पर अकेली बैठी थी तब अभियुक्त अंकलेश सौर आया और उसका हाथ पकड़कर जबरन उसे खेत में ले गया और उसके साथ जबरजस्ती गलत काम किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर उसके माता-पिता को जान से खत्म करने की धमकी देता था जिस डर से पीड़िता ने किसी को नहीं बताया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया है।

## विश्वविद्यालय में विकसित भारत 2047 के तहत प्रधानमंत्री के संवाद का लाइव प्रसारण



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विकसित भारत 2047 वॉयस ऑफ यूथ के तहत प्रधानमंत्री का युवाओं के साथ संवाद का लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवि के अभिमंच सभागार में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विवि के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज पहल का शुभारंभ करते हुए देश भर के राजभवनों में आयोजित कार्यशालाओं में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संस्थानों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने शिक्षाविदों तथा युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में देश के युवाओं की सक्रिय रूप से सहभागिता होनी चाहिए। इस दृष्टिकोण के अनुरूप सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। भारत 2047 का लक्ष्य भारत को स्वाधीनता के 100 वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस दृष्टिकोण में विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिनमें आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करना है। ये आजादी का अमृतकाल है और भारत के लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने का यही समय है। पूरी युवा पीढ़ी इस समय अपनी ऊर्जा के माध्यम से देश को आगे ले जाने के लिए तैयार है। देश के शैक्षणिक संस्थाओं का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ शिक्षकों को भी विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में योगदान देने के लिए आउट ऑफ द बॉक्स यानी अपने दायरे से बाहर जाकर सोचना होगा। उन्होंने बताया कि विकसित भारत के विजन के तहत लॉन्च किए गए पोर्टल पर पांच अलग-अलग सुझाव दिए जा सकते हैं। सबसे बेहतरीन 10 सुझावों और आइडिया के लिए पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री के उद्बोधन को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने तन्मयता से सुना। कार्यक्रम के पश्चात् कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने विवि के विद्यार्थियों से आवाह्न करते हुए कहा कि आप सभी विकसित भारत के निर्माण अभियान में आने विचारों और क्रियाकलापों के माध्यम से सम्मिलित हों। निश्चित तौर पर हम सबसे युवा देश की श्रेणी में है। आने वाला समय युवाओं का है। युवाओं के हाथ में देश की बागडोर होगी तो देश निश्चित रूप से तरक्की के रास्ते पर बढ़ेगा और हम विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना पायेंगे। कार्यक्रम के पश्चात विश्वविद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने भारत को विकसित देश बनाने के पहल को जरूरी बताते हुए संकल्प लिया कि इस मिशन में वे अपना पूर्ण सहयोग देंगे। छात्र-छात्राओं ने कहा कि हम प्रधानमंत्री के द्वारा प्रस्तुत किये गये विजन के अनुरूप कार्य करेंगे और देश की समृद्धि में अपना योगदान देंगे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली*
प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।